संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -111 बुधवार , 21 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## किसानों का दिल्ली कूच का ऐलान

- » सरकार के साथ नहीं बनी बात
- » किसानों को दिल्ली जाने की अनुमति मिलेः सरवन सिंह पंढेर
- » सरकार के प्रस्ताव में हमारे लिए कुछ नहीं:किसान नेता
- » सरकार और किसानों के बीच चार वार्ता हो चुकी है।



**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024(ए)।** केंद्र सरकार और किसानों के बीच अब तक चार बार वार्ता हो चुकी है लेकिन बातचीत बेनतीजा रही है। किसान नेताओं ने सरकार की पेशकश को ठुकरा दिया है। वहीं, किसानों ने 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने का फैसला कर लिया है।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक रही है और किसानों को दिल्ली जाने की इजाजत मिलनी चाहिए।

### किसानों को दिल्ली जाने की अनुमति मिले : सरवन सिंह पंढेर

सरकार की मंशा बहुत स्पष्ट थी कि वे हमें किसी भी कीमत पर दिल्ली में प्रवेश नहीं करने देंगे। यदि आप किसानों के साथ चर्चा के माध्यम से समाधान नहीं निकालना चाहते हैं तो हमें दिल्ली की ओर मार्च करने की अनुमति दी जानी चाहिए। जब हम दिल्ली की ओर बढ़े, गोलाबारी हुई। ट्रैक्टरों के टायरों पर गोलियां भी चलाई गईं।

सरवन सिंह पंढेर ने आगे कहा,हरियाणा के डीजीपी ने कहा है कि वे किसानों पर आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। हम इसका इस्तेमाल करने वालों के लिए सजा की मांग करते हैं... गलत बयान भी दिए जा रहे हैं...हरियाणा में हालात कश्मीर जैसे हैं। हम 21 फरवरी को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। सरकार ने हमें एक प्रस्ताव दिया है ताकि हम अपनी मूल मांगों से पीछे हट जाएं। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी अब जो भी हो।

### सरकार के प्रस्ताव में हमारे लिए कुछ नहीं:किसान नेता

केंद्र द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल खरीदने का प्रस्ताव लाए जाने के बाद किसानों ने सोमवार शाम को यह कहते हुए प्रस्ताव खारिज कर दिया कि इसमें उनके लिए कुछ नहीं है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने कहा कि चर्चा के बाद मंचों ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

चौथे दौर की वार्ता के बाद पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान 21 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च के साथ आगे बढ़ना जारी रखेंगे और एमएसपी पर सरकार के साथ चर्चा भी होगी।

## पीएम मोदी ने 32000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### घाटी को मिली पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन





**जम्मू,20 फरवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसी के साथ पीएम मोदी ने घाटी को पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा का भी तोहफा दिया। जम्मू के एमए स्टेडियम पहुंचने पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी को माता वैष्णोदेवी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी के कार्यकाल में घाटी में हुए विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में 75 प्रतिशत की कमी आई है. जबकि पथराव की घटनाएं अब इतिहास हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने संकल्प लिया है. विकसित जम्मू-कश्मीर का, मुझे आप पर विश्वास है हम जम्मू-कश्मीर को विकसित बनाकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि 70-70 के अधूरे आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा। पीएम मोदी ने कहा कि एक वो दिन भी थे जब जम्मू-कश्मीर में से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं।

पीएम मोदी ने कहा कि अनेक शैक्षणिक संस्थानों से हमारे साथ लाखों लोग जुड़े हैं.।पीएम मोदी ने कहा कि, यह हमारे लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है कि आप इतनी दूर से यहां आए हैं। मुझे बताया गया है कि 285 ब्लॉकों में लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए लोग इस कार्यक्रम को सुन रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू के एमए स्टेडियम से जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत स्थानीय भाषा से की। पीएम मोदी को स्थानीय भाषा में बोलता देख वहां मौजूद हजारों लोगों भी भीड़ उत्साह से चिल्लाने लगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में विकसित भारत विकसित जम्मू कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान सभी लाभार्थियों ने पीएम मोदी के योगदान की सराहना की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जम्मू दौरे के दौरान घाटी में सरकारी नौकरियों के लिए चुने गए। अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र भी बांटे. इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्र शासित राज्य के करीब 1500 नई सरकारी भर्तियों को नियुक्ति आदेश वितरित किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू से आज घाटी को पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने संगलदान स्टेशन और बारामूला स्टेशन के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। जम्मू-कश्मीर की ये पहली ट्रेन है जिसका संचालन इलेक्ट्रिक यानी बिजली इंजनों से किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू के एमए स्टेडियम में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में स्वास्थ्य,शिक्षा,रेल, सड़क,विमानन, पेट्रोलियम, नागरिक बुनियादी ढांचे सहित कई क्षेत्रों का विकास होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में मंगलवार को जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, उनमें सबसे ज्यादा आईआईटी, आईआईएम और एम्स शामिल हैं।

## देश में और चलाए जाएंगे 50 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन:वैष्णव



**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024(ए)।** देश में वंदे भारत एक्सप्रेस की सफलता के बाद अब भारत सरकार ने अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसका एलान खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने अमृत भारत ट्रेन का एक वीडियो भी साझा किया है। उन्होंने लिखा- अमृत भारत ट्रेन को बड़ी सफलता मिली है। इसके चलते 50 अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दे दी गई है। अंतरिम बजट से पहले अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि हर साल 300 से 400 अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई जाएंगी। अब इस बड़ी घोषणा से उस पर मोहर लग गई है। बता दें कि देश की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 30 दिसंबर, 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है अमृत भारत

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्री कम किराए में बेहतर सफर कर सकेंगे। दे भारत की तरह डिजाइन की गई अमृत भारत एक पुल-पुश ट्रेन है। इसमें आगे और पीछे दो इंजन हैं। इस वजह से यह आसानी से तेज रफ्तार हासिल कर लेती है। साथ ही झटके भी कम लगते हैं। इस वजह से जहां पर भी कोई कर्व या ब्रिज जाता है, उस पर काफी टाइम बचेगा। इसकी अधिकतम रफ्तार 130 किमी प्रति घंटा रखी गई है। पुशपुल टेक्नोलॉजी का मतलब ये है कि इस ट्रेन में दो इंजन हैं एक आगे-दूसरा पीछे।

आगे वाला इंजन गाड़ी को पुल करने का काम करेगा तो वहीं दूसरा इंजन उसको पुश करेगा। इसका इंटीरियर भी बिलकुल नया है। अमृत भारत नॉन एसी ट्रेन है जबकि वंदे भारत एसी ट्रेन होती है। अमृत भारत में स्लीपर कोच होते हैं जबकि वंदे भारत सिटिंग ट्रेन है। ट्रेन में सामान रखने की पर्याप्त जगह और सीटें आरामदायक हैं।

### ट्रेन में होंगी ये सुविधाएं

अमृत भारत ट्रेनों में आधुनिक मॉड्यूलर टॉयलेट भी हैं। अमृत भारत में कई मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और मोबाइल होल्डर भी लगे हैं। सीसीटीवी कैमरों से लैस ट्रेन की बोगियां, अत्याधुनिक शौचालय, बोगियों में सेंसर वाले वाटर टैप के साथ गॉर्ड और मेट्रो की तर्ज पर अनाउंसमेंट सिस्टम के इंतजाम इस नई ट्रेन में हैं। टॉयलेट के डिजाइन में भी बहुत सारे बदलाव किए गए हैं। खास तौर पर पानी का कम से कम इस्तेमाल हो इसकी व्यवस्था भी की गई है। वहीं, फिजिकली चैलेंज्ड लोगों के लिए टॉयलेट के स्पेस को बड़ा किया गया है।

वहीं, अगर सुविधा की बात करें तो इसमें पैसेंजर की सुविधा के लिए ऊपर वाली सीट पर क्यूशन कवर लगाया गया है। इस ट्रेन में 22 कोच होंगे जिनमें लगभग 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बता दें, इस ट्रेन में 8 जनरल कोच होंगे और 14 स्लीपर कोच इसमें होंगे। वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत की ड्राइवर सीट को भी डिजाइन किया गया है।

## सोनिया पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित

### नड्डा सहित ये उम्मीदवार भी निर्विरोध चुने गए



**जयपुर/गांधीनगर,20 फरवरी 2024(ए)।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनीं गईं। वहीं, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए।

राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था। जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। राज्य में राज्यसभा की दस सीटें हैं। नजीतों के बाद कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य हैं। वहीं, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के निर्विरोध चुना गया है। राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा के सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता ने नड्डा सहित चारों भाजपा उम्मीदवारों को संसद के ऊपरी संदन के लिए निर्विरोध विजयी घोषित किया। नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं।

## व्यापमं घोटाला मामले में 10 साल बाद बड़ा फैसला

- » 7 आरोपियों को सात-सात साल की सजा
- » सबूतों के अभाव में 12 आरोपियों को बरी किया गया




**भोपाल,20फरवरी2024(ए)।** व्यापमं घोटाला के 10 साल पुराने मामले में न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसोदिया ने बड़ा फैसला सुनाया है । पुलिस भर्ती परीक्षा 2013 में गड़बड़ी मामले में 7 आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। वहीं, सबूतों के अभाव में 12 आरोपियों को बरी किया गया है। बता दें कि इस घोटाले के मामले में एसआईटी ने 21 लोगों को आरोपी को बनाया था।

व्यापमं ने 07 अप्रैल 2013 को पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इस भर्ती परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों ने अपनी जगह किसी और को बैठकर परीक्षा दिलवाई थी। आरोपी ने परीक्षा भी पास कर ली थी, जिसके बाद यह मामला उजागर हुआ और तब से यह मामला चल रहा है।

## कांग्रेस में ही रहेंगे कमलनाथ

### पार्टी मीटिंग में हुए शामिल

**भोपाल,20 फरवरी 2024(ए)।** बीजेपी में जाने की अटकलों के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मंगलवार को कांग्रेस की एक मीटिंग में शामिल हुए। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भोपाल स्थित



कार्यालय में रखी गई। इस मीटिंग में कमलनाथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े. मीटिंग में यात्रा की तैयारियों के लिए बनाई गई समितियों से चर्चा की गई। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के अलावा भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों के लिए रखी गई मीटिंग में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह समेत तमाम बड़े नेता शामिल हुए। बताया गया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2 मार्च को राजस्थान के धौलपुर से मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी। 5 दिन मध्यप्रदेश में रहकर 6 मार्च को सैलाना होते हुए राजस्थान के बाड़मेर जिले की सीमा में प्रवेश करेगी।

## राहुल गांधी को मिली राहत




### एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली जमानत

**नईदिल्ली,20 फरवरी 2024(ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली। दरअसल, मानहानिक के मामले में राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने जमानत दे दी। केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर कोर्ट में पेश होने के लिए पहुंचे थे। पूरा मामाल साल 2018 से जुड़ा है. जो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संबंधित है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गृह मंत्री शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा था।




CMYK

## संपादकीय

### राजनीति से प्रेरित कार्रवाई

कांग्रेस के बैंक खाते पर हुई कार्रवाई का उसकी गतिविधियों पर गहरा असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग यही चाहता है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं। कांग्रेस के खाते का संचालन जिस समय और जिस तरह से रोका गया, उसे पहली नजर में राजनीति से प्रेरित कार्रवाई ही माना जाएगा। यह कार्रवाई इलेक्ट्रॉल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के ठीक अगले दिन की गई। इस निर्णय से सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के लिए असहज स्थितियां पैदा हुईं। इससे इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के जरिए भाजपा को असामान्य रूप से मिले अधिक चंदे और उसके स्रोत का मुद्दा चर्चा में आया। उसके ठीक अगले दिन देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर ऐसी कार्रवाई के मकसद पर सहज ही संदेह खड़ा हुआ। सवाल उठा कि क्या इसके जरिए यह बताने की कोशिश की गई है कि विपक्ष के चंदे में भी घपला है? आय कर विभाग की इस कार्रवाई के तथ्यों पर ध्यान देना जरूरी है। यह कदम 2018-19 में कांग्रेस को मिले चंदे के सिलसिले में यानी अब पांच साल बाद उठाया गया है। तब पार्टी तय तारीख (31 दिसंबर 2019) तक इनकम टैक्स रिटर्न जमा नहीं करा पाई। उसने 45 दिन देर से इसे जमा कराया।रिटर्न में पार्टी ने बताया कि गुजरे साल में 199 करोड़ रुपये का चंदा उसके बैंक खाते में आया, जबकि 14 लाख 40 हजार रुपये उसके पास नकदी में हैं, जो उसे पार्टी सांसदों और विधायकों से मिले हैं। आय कर विभाग ने नकदी रकम को विसंगति (डिस्क्रेपैंसी) बताया है, जबकि 45 दिन की हुई देर को लेकर 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले हुई है। खाते के संचालन पर रोक को जब कांग्रेस ने अपीलीय पंचाट में चुनौती दी, तो पंचाट ने खाते के संचालन से रोक तो हटा दी, लेकिन शर्त लगा दी कि कांग्रेस को 155 करोड़ रुपये खाते में रखने होंगे। पार्टी के मुताबिक उसके पास इसके अतिरिक्त रकम नहीं है। यानी व्यावहारिक रूप में वह खाते का इस्तेमाल नहीं कर पाएगी। जाहिर है, पार्टी की गतिविधियों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा।

# महिला आरक्षण की मृग मरीचिका



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक देश में जो चार जातियां हैं उनमें से एक जाति किसान की है, और वह फिलहाल सड़क पर उतरी है। किसान उबल रहा है और सरकार ने सारी ताकत लगाई है कि किसी तरह से किसान पंजाब से निकल कर हरियाणा और वहां से दिल्ली न पहुंच पाएं। सीमाओं पर ऐसी किलेबंदी हुई है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ किसान दिल्ली की सीमा पर पहुंचे तो आधे घंटे में सबको हिरासत में लेकर बसों में भर दिया गया और वापस भेज दिया गया। प्रधानमंत्री ने एक दूसरी जाति बताई है महिलाओं की। उनको सरकार की ओर से आरक्षण की मृग मरीचिका दिखाई गई है। नए संसद भवन में पहला बिल महिला आरक्षण का पेश हुआ था और संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। लेकिन वह प्रावधान 2029 से पहले लागू नहीं होगा। उससे पहले इस साल के चुनाव के बाद जनगणना होगी और फिर परिसीमन और तब महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। लेकिन उससे पहले प्रधानमंत्री की पार्टी अपनी तरफ से महिलाओं को उनकी आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व नहीं दे सकती है।अभी देश में राज्यसभा की 56 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें आधी यानी 28 भाजपा की सीटें हैं। इन सीटों पर उसकी जीत तय है। इसके अलावा भी पार्टी ने दो उम्मीदवार उतारे हैं। लेकिन कुल महिला उम्मीदवारों की संख्या पांच है यानी 20 फीसदी से भी कम। प्रधानमंत्री के अपने राज्य गुजरात से चार लोग भाजपा की टिकट पर राज्यसभा में जाएंगे लेकिन कोई महिला नहीं होगी। महाराष्ट्र से भाजपा के तीन और उसकी दो सहयोगी पार्टियों के दो यानी कुल पांच लोग राज्यसभा में जाएंगे, जिनमें से एक मेधा कुलकर्णी महिला हैं। मध्य प्रदेश से भी भाजपा के चार लोग राज्यसभा में जाएंगे, जिनमें से एक माया नरोलिया महिला हैं। राजस्थान से दो और ओडिशा से एक सीट भाजपा को मिल रही है लेकिन उनमें कोई महिला नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने आठ उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से दो- साधना सिंह और संगीता बलवंत महिला हैं। बिहार के दो में से एक धर्मशीला गुप्ता महिला हैं। हरियाणा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ में एक एक सीटें हैं, जिन पर पुरुष उम्मीदवार ही हैं। सोचें, अगर कोई पार्टी महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिनिधित्व देने को प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री उसे एक ऐसी जाति मान रहे हैं, जो वंचित है तो फिर कानून बनने का इंतजार क्यों करना है? क्यों नहीं पार्टी अभी से नवीन पटनायक या ममता बनर्जी की तरह महिलाओं का 40 फीसदी या उससे ज्यादा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर रही है?यह विरोधाभास या दोहरा रवैया सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने में ही नहीं है, बल्कि महिलाओं के लिए लागू योजनाओं में भी है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मध्य प्रदेश में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने साढ़े 12 सौ रुपए देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा था कि वे इसे बढ़ा कर तीन हजार रुपए महीना तक ले जाएंगे। राज्य में भाजपा की नई सरकार बनी तो शिवराज सिंह सीएम नहीं बने। नए मुख्यमंत्री के आते ही योजना पर संकट के बादल मंडराने लगे। हालांकि अभी यह योजना चल रही है लेकिन इसमें से कुछ समूहों को बाहर करने का काम शुरू हो गया है। पैसा बढ़ाए जाने की संभावना भी नहीं दिख रही है। लेकिन सबसे हैरानी की बात है कि अगर भाजपा को लग रहा है कि यह योजना महिलाओं के उत्थान के लिए रामबाण है और इससे पूरी महिला जाति का कल्याण हो सकता है कि देश भर में इसे क्यों नहीं लागू किया जा रहा है? प्रधानमंत्री ने किसानों को एक जाति माना है तो उनको साल में छह हजार रुपए की सम्मान निधि दे रहे हैं तो दूसरी जाति यानी महिलाओं को भी ऐसी निधि क्यों नहीं दी जानी चाहिए? भाजपा शासित दूसरे राज्यों में लाड़ली बहना योजना क्यों नहीं शुरू कर दी जा रही है? क्या मध्य प्रदेश की महिलाओं को ज्यादा जरुरत है और उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा आदि राज्यों की महिलाओं को इसकी जरुरत नहीं है?केंद्र सरकार ने लखपति दीदी बनाने की योजना शुरू की है। पहले इसके तहत दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना था लेकिन अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी। लखपति दीदी का मतलब यह नहीं है कि महिलाओं को लाख रुपए की मदद मिलने वाली है। उनको इस योजना के तहत सरकार छोटे छोटे लोन देगी ताकि वे अपना कारोबार शुरू करके एक लाख रुपए साल के यानी हर महीने आठ हजार रुपए की कमाई करने में सक्षम हो जाएं। इस योजना के तहत उनको डिजिटल बैंकिंग से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जैसे किसी जमाने में बेटी पढ़ाई, बेटी बचाओ योजना का प्रचार था और बंद है उसी तरह से अब लाड़ली बहना या लखपति दीदी की योजनाएं हैं।

–हरिशंकर व्यास–

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# असफलतायें बड़ी सफलता का मार्ग

### सफलता संयम और उत्साह से प्रयास की परिणति।

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है और असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर छत्तीसगढ़

जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है।

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

# हल्दी रस्म या फिजूल खर्ची

» अमीरों के चक्कर में बेचारा गरीब पीस रहा है...

» आज कल ग्रामीण परिवेश में होने वाली शादियों में एक नई रस्म का जन्म हुआ है हल्दीरस्म...




हल्दी रस्म के दौरान हजारों रूपये खर्च कर के विशेष डेकोरेशन किया जाता है, उस दिन दूल्हा या दुल्हन विशेष पीत (पीले) वस्त्र धारण करते हैं। साल 2020 से पूर्व इस हल्दी रस्म का प्रचलन राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं पर भी देखने को नहीं मिलता था, लेकिन पिछले दो-तीन साल से इसका प्रचलन बहुत तेजी से ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ा है।

पहले हल्दी की रस्म के पीछे कोई दिखावा नहीं होता था, बल्कि तार्किकता होती थी। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में आज की तरह साबुन व शैम्पू नहीं थे और ना ही ब्यूटी पार्लर था। इसलिए हल्दी के उबटन से घिसघिस कर दूल्हे-दुल्हन के चेहरे व शरीर से मृत चमड़ी और मेल को हटाने, चेहरे को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए हल्दी, चंदन, आटा, दूध से तैयार उबटन का प्रयोग करते थे। ताकि दूल्हा-दुल्हन सुंदर लगे। इस काम की जिम्मेदारी घर-परिवार की महिलाओं की थी। लेकिन आजकल की हल्दी रस्म मोडिफाइड, दिखावटी और मंहगी हो गई है। जिसमें हजारों रूपये खर्च कर डेकोरेशन किया जाता है। महिला, पुरुषों महंगे पीले वस्त्र पहने जाते है। दूल्हा दुल्हन के घर जाता है और पूरे वातावरण, कार्यक्रम को पीताम्बरी बनाने के भरसक प्रयास किये जाते हैं। यह पीला ड्रामा घर के मुखिया के माथे पर तनाव की लकीरें खींचता है जिससे चिंतामय पसीना टपकता है।

पुराने समय में जहां कच्ची छतों के नीचे पक्के इरादों के साथ दूल्हा-दुल्हन बिना किसी दिखावे के फेरे लेकर अपना जीवन आनंद के साथ शुरू करते थे, लेकिन आज पक्के इरादे कम और दिखावा और बनावटीपन ज्यादा होने लगा है।

आजकल देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक रूप से असक्षम परिवार के लड़के भी इस शहरी बनावटीपन में शामिल होकर परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा रहे है। क्योंकि उन्हें अपने छुट भईए नेताओं, वन साइड हेयर कटिंग वाले या लम्बे बालों वाले सिगरेट का धुंआ उड़ाते दोस्तों को अपना ठरका दिखाना होता है। इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि के लिए रील बनानी है। बेटे के रील बनाने के चक्कर में बाप की कर्ज़ उतरने में ही रेल बन जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे घरों में फिजूल खर्ची में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है जिनके मां-बाप ने हाड़-तोड़ मेहनत और पसीने की कमाई से पाई-पाई जोड़ कर मकान का ढांचा खड़ा किया लेकिन ये नवयौवन लड़के-लड़कियां बिना समझे अपने मां-बाप की हैसियत से विपरीत जाकर अनावश्यक खर्चा करते हैं।

जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हो उन परिवारों के बच्चों को मां-बाप से जिद्द करके इस तरह की फिजूल खर्ची नहीं करवानी चाहिए। आजकल काफी जगह यह भी देखने को मिलता है कि बच्चे (जिनकी शादी है) मां-बाप से कहते है आप कुछ नहीं जानते, आपको समझ नहीं है, आपकी सोच वही पुरानी अनपढ़ों वाली रहेगी, यह कहते हुए अपने माता-पिता को गंवारू, पिछड़ा, थे तो बौझअ बरगा आदमी हो कहते हैं। मैं जब भी यह सुनता हूं सोचने को विवश हो जाता हूं, पांव अस्थिर हो जाते हैं। बड़ी चिंता होती हैं कि मेरा युवा व छोटा भाई-बहिन किस दिशा में जा रहे हैं।

आज किसी को चींटी के पैरों के घूंघरू की आवाज सुनने की फुर्सत नहीं है* क्योंकि सब-के-सब फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर खुद को बढ़ा-चढ़ाकर कर परोसते हैं, दिखावटीपन की चासनी में आकंठ डूबे हुए हैं। इसलिए व्यक्ति बाजारवाद की गिरफ्त में जल्दी आता जा रहा है और यह पूर्णतः बाजारवाद द्वारा आजाद की हुई नई-नवेली रस्म है, इसका गला यहीं पर घोट दो अन्यथा पीसना तय है।

इस तरह की फिजूलखर्ची वाली रस्म को रोकने के समाचार पढ़ कर खुशी होती है लेकिन अपने घर, परिवार, समाज, गांव में ऐसे कार्यक्रम में शरीक होकर लुत्फ उठा रहे हैं, फोटो खिंचवाकर स्टेटस लगा रहे हैं। फिर तो वही बात हो गई कि तुझे रोकना तो चाहता हूं, मगर तूं रूकना नहीं, मुझे तेरी महफ़िल में रोकना तो चाह रहे है मगर तू रुकना नहीं हमें महफिल में शरीक होना है, यानि कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट है।

–पदमेश कुमार किशन–

## जब धरती पर पेड़ बचेगा

धरती बचेगी जीवन बचेगा
जल जंगल जमीन बचेगा
आने वाली कल बचेगा
जब धरती पर पेड़ बचेगा।
पेड़ से ही तो वर्षा होगी
बंजर भूमि उपजाऊ होगी
नदी बचेगा जल बचेगा
जब धरती पर पेड़ बचेगा।
जब खेतों में होगा अनाज
थालियां में भोजन बचेगा
जीवन बचेगा कल बचेगा
जब धरती पर पेड़ बचेगा।
जीवन में होगी खुशहाली
चारों ओर छायेगी हरियाली
हवा में ऑक्सीजन बचेगा
जब धरती पर पेड़ बचेगा।



श्याम सुंदर साहू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लौट आना

सुनो दिकु...
प्रेम का इंतज़ार आज भी जारी है
हो सके तो लौट आना
हमारी अनचाही
अचानक जुदाई के समय
ज़रूर किसी गहरी कश्मकश से
गुज़री होगी तुम
उस दरम्यान अमूल्य मोतियों सी
बिखरी होगी तुम
न जाने वोह लम्हें तुम ने
कैसे बिताएँ होंगे
मैंने तो खुले मन से रो दिया
सब के सामने
तुम ने अपने दर्द न जाने
किसको बताएँ होंगे
ज़िंदगी में ना सही
तुम्हारे ख्यालों में तो
आने का हक रखता हूँ
मेरा दिल जो तुम्हारे पास है
उसके किसी कोने में ही सही
आज भी उसमें मैं कहीं दिखता हूँ
ज़्यादा नहीं चाहता बस
अपनी पहली-सी हंसी को तुम्हारे
चेहरे पर मोड़ लाना
प्रेम का इंतज़ार आज भी जारी है
हो सके तो लौट आना



प्रेम ठक्कर
दिकुप्रेमी
सूरत, गुजरात

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चटिक मया गोठ-गोठियाले

सुग्घर हावे जनम तोर मानुस
चीटिक मया गोठ-गोठिया ले,
फेर दुबारा ये तन नई मिलय
हिरित-पिरित ल सोरिया ले।
पास-परोसी मीत-मितानी
सुख-दुख के इही संगवारी ए,
पर के भरोसा काखर करबे
इही मन मया के चिन्हारी ए।
दुख-पीरा तय कहाँ गोहराबे
कहाँ हावे कउन सुनईया हे,
गां-घर हर तोर सँग देवइया
तोर परोसी हर दुख हरइया हे।
मीठ-बोली मीठ-भाखा के
तय चीटिक-चिन्हारी कर ले,
नीति-धरम के डाहर म चलके
दुखिया मन के पुछारी कर ले।
माटी के एहा जुच्छा तन हे संगी
एहा माटी म एक दिन मिल जाही,
गरब-गुमाना ल झन करबे संगी
जस-अबजस तोर सँग म
जाही।



अशोक पटेलआशु
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## आरती-छत्तीसगढ़ महतारी

जय जय छत्तीसगढ़नी ओ, दाई छत्तीसगढ़नी ओ।
तोर कोरा मा जनमेन-2, खेलेन अउ बाढ़ेन ओ।।
भारत के भुइँया मा बसे तँय, महिमा हे तोर भारी।
दक्षिण कोशल नाम ले जग मा, जानत हे नर-नारी।।
ऐंठी रुपिया करधन साँटी, पहिरे हे लुगरा हरियर।
मोहनी मुरतिया रुप हे दाई, हावस सब ले सुग्घर।।
अरपा पैरी महानदी के, धार बोहावत हे।
इंद्रावती हा दाई तोरे, चरण पखारत हे।।
धान के कटोरा दाई,
सब झन कहिथें ओ।
चना गहूं तिवरा राहेर,
लहरावत रहिथे ओ।।
तोर कोरा मा भरे हे दाई,
खनिज के भंडार।
छत्तीसगढ़ महतारी तोरे, महिमा हे अपरंपार।।
चारो मूड़ा मा हावय दाई,
देवता धामी के वास।
भक्तन के दुख पीरा हरथे, करथे बइरी के नास।।
डोंगरी-पहाड़ी जंगल-झाड़ी, सुग्घर हे तोर राज।
जे तोला गोहराथे दाई, ओखर बनाथस काज।।
अर्जी करत हँव दाई तोरे, महिमा जग मा छाय।
राजकुमार निषाद हा दाई, आरती ला सिरजाय।।



राजकुमार निषाद राज
बिरोदा धमधा
दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## वह आवाज

अभी तक कुछ नहीं सुना
जिधर भी देखो वही ध्वनि
कानों में वो शोर न केवल...
और दिल तीखी आवाज
क्या करें? थोड़ा तंग
वहाँ है...वे संघ आपको कैसे मालूम ?
यदि ऐसा है तो ध्वनियाँ सुनें
सुनने को तैयार नहीं तथापि...
हम तो रोज सुन रहे हैं
हर जगह ध्वनि से भरा है
सिर्फ शहरों में नहीं
अब गांवों में
चहचहाता सेल फ़ोन
शोर से
ट्रेनें चलेंगी
शोर होने तक...
हमारे पूछे बिना
हर दिन किसी न किसी तरह
हम तो बस सुन रहे हैं
इंसानों का
सिर्फ दिल की आवाज
बिना पूछे...
इसका बहुत समय हो गया...!



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कमल दल में क्यों समाना चाहते हैं कमलनाथ?

कमलनाथ के कमलदल में समाहित होने की खबरें सिर्फ अफवाह नहीं हैं । इसमें सच्चाई है और सौदेबाजी भी जारी है। सवाल यह है कि आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि कांग्रेस में 50 साल का राजनीतिक जीवन और उम्र के 77 साल पूरे कर चुके कमलनाथ उम्र के अंतिम पड़ाव में भाजपा में आना चाहते हैं?

वर्तमान में कांग्रेस की राष्ट्रीय और मध्य प्रदेश की राजनीति को देखें तो कमलनाथ के लिए कोई ज्यादा जगह नहीं बची है। कमलनाथ के करीबी नेताओं का कहना है कि कमलनाथ की नाराजगी सोनिया से नहीं राहुल गांधी से रही है। कमलनाथ की कांग्रेस से नाराजगी की जो वजह सामने आ रही है वह यह कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को उम्मीद थी कि कमलनाथ पार्टी के लिए पैसा खर्च करेंगे। अपने उद्योगपति मित्रों से आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराएंगे लेकिन कमलनाथ ने न खुद पार्टी फंड में पैसा दिया और न ही मित्रों से मदद उपलब्ध कराई। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी कमलनाथ की इस बात से भी नाराज थे कि इंडिया गठबंधन की मध्य प्रदेश चुनाव के समय भोपाल में होने वाली रैली कमलनाथ ने निरस्त करवा दी थी। मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान कमलनाथ का टिकट के प्रार्थी से यह कहने का बयान वायरल होना कि जाओ दिग्विजय सिंह के कपडे फाड़ो, ने भी मध्यप्रदेश कांग्रेस की गुटबाजी को सामने ला दिया था।

कमलनाथ की अपनी शिकायतें भी पार्टी हाईकमान से थी। मध्यप्रदेश चुनाव में टिकट वितरण में दिग्विजय सिंह की दखंलदाजी के बाद भी हार का ठीकरा सिर्फ उनके सिर फूटने से वह नाराज हैं। कमलनाथ इस बात से भी नाराज हैं कि उनकी जगह जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया लेकिन उनसे राय नहीं ली गई। कमलनाथ इस बात से भी असहज थे कि विपक्ष का नेता बनने की उनकी मंशा को नरजअंदाज कर पार्टी ने उमंग धिंगार को विपक्ष का नेता बना दिया। मध्यप्रदेश की राजनीति में सबकुछ गंवा चुके कमलनााथ इस बात की उम्मीद कर रहे थे कि पार्टी उन्हे मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजने का प्रस्ताव देगी लेकिन पार्टी ने कमलनाथ को ना ही राज्यसभा भेजना उचित समझा और न ही राज्यसभा किसे भेजना है, इस संबध में उनकी राय ली। दिग्विजय के बेहद करीबी ग्वालियर के अशोक सिंह को राज्यसभा भेजकर कमलनाथ की नाराजगी को बढ़ा दिया। लेकिन सिर्फ इन्हीं कारणों को कमलनाथ के भाजपा के करीब आने का प्रमुख कारण मानना ठीक नहीं है। भाजपा और कमलनाथ के बीच बढ़ती करीबी के कुछ और भी कारण हैं जिन्हें जानना और समझना जरूरी है। कमलनाथ को कमल के करीब ले जाने का एक कारण सिख दंगो में कमलनाथ की भूमिका पर आगामी 23 अप्रैल को आनेवाली एसआईटी की रिपोर्ट है। 1984 में हुए सिख विरोधी दंगो में कमलनाथ के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली याचिका पर कोर्ट ने एसआईटी से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कमलनाथ के भाजपा की ओर कदम बढ़ाने का दूसरा प्रमुख कारण 354 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के मामले को लेकर ईडी का शिंकजा कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी और कमलनाथ के परिवार के सदस्यों पर कस रहा है।

–समीर चावगांवकर–

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जनमानस में पुलिस का प्रथम प्रतिनिधि होते हैं आरक्षक : आईजी

## पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी अंकित गर्ग रहे। राज्य के विभिन्न जिलों से आए कुल 146 नव आरक्षकों ने प्रशिक्षण प्रशिक्षण लिया। उक्त नव जवानों द्वार दीक्षांत परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आईजी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक पीटीएस मैनपाट राज कुमार मिंज द्वारा मुख्य आतिथ्य आईजी का आभार व्यक्त करते हुए दीक्षांत परेड समारोह में शामिल नौजवानों के प्रतिभाओं के बारे में सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए नव आरक्षकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान आईजी ने नव आरक्षकों के शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आरक्षक हमारे पुलिस विभाग का नींव है। उन्होंने उत्साहवर्धन बढ़ाते हुए कहा कि आज का दिन हमारे नौजवानों के लिए बहुत ही हर्ष का दिन है जिन्होंने पुलिस विभाग का एक अनिवार्य व महत्वपूर्ण पद को मेहनत एवं लगन से अनुशासित रहकर निर्धारित प्रशिक्षण को हासिल करने में सफलता प्राप्त किया है। आरक्षक हमारे पुलिस विभाग का नींव का पत्थर होते हैं। जो समूचे बल का लगभग 70 प्रतिशत है। जनमानस में पुलिस का प्रथम प्रतिनिधि आरक्षक होता हैं, जो लगातार आमजनता के संपर्क में रहता है और किसी भी घटना व अप्रत्याशित स्थिति के समय अक्सर सर्वप्रथम मौके पर वही पहुंचते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य एवं आचरण से ही आमजन में पुलिस की छवि निर्मित होती है, इसलिए आप सभी के ऊपर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन आप जैसे नौजवान हमेशा से सफलतापूर्वक करते आ रहे हैं। आईजी ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण बेला में उपस्थित सभी नौजवानों के माता-पिता को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना कर अपनी खुशियों का त्याग कर सर्वोच्च शिक्षा दिलाया जो आप सब इस मुकाम को हासिल करने में सफल हुए। आईजी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में पुलिस के लिए एक गंभीर समस्या नक्सल हिंसा की है। जिसमें हमारे आरक्षकगणों की सबसे महती भूमिका है। सुदूर क्षेत्रों में सूचनाएं संकलित कर बड़े-बड़े अभियानों को हमारे जवानों के अनुवाई एवं सहयोग से अंजाम दिया जाता रहा है। नक्सल अभियान में आरक्षण गणों द्वारा बहादुरी से अपने कर्तव्यों को निर्वहन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान तक दिया गया है जो हम सब के लिए गर्व की बात है। समारोह में दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एमआर आहिरे, पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार, 10वी वाहनी छसबल कमांडेंट विजय कुजूर, जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नौजवानों के अभिभावक सहित पीटीएस के समस्त प्रशिक्षकगण व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।





### बुनियादी प्रशिक्षण के मुख्य तीन आयाम

आईजी ने कहा कि पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में जवानों को मुख्य रूप से ट्रेंड किया जाता है। पहला शारीरिक क्षमता का विकसित करना,दूसरा कानून का ज्ञान एवं तीसरा विभिन्न हथियारों का ज्ञान एवं संचालन कराने हेतु योग्य बनाया जाता है जो पुलिस विभाग में कार्यरत रहने वाले सभी जवानों को पूरे सर्विस काल तक काम आता है। आप सभी ने प्रशिक्षण के दौरान विवेक और अंत- दृष्टि से जो ज्ञान अर्जित किया है तथा अपने कड़ी मेहनत दृढ़ इच्छा एवं प्रतिबद्धता के साथ इस मुकाम को हासिल किये हैं। किसी भी क्षेत्र में कोई भी चुनौती आने पर आसानी से हल करने में सफल होंगे। पीटीएस में प्रशिक्षकगणों द्वारा सिखलाए गए आयाम को आप सब अच्छी तरह निर्वहन करने में सफल होंगे। परित्राणाय साधुनाम जो पुलिस का आदर्श वाक्य है इसे चरितार्थ करना आप सबका मूल कर्तव्य है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को किया गया पुरस्कृत

बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान आउटडोर व इनडोर ज्ञान के साथ-साथ दीक्षांत परेड समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौजवानों को उत्साहवर्धन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत परेड समारोह के बाद पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल का उद्घाटन आईजी द्वारा किया गया।

## स्टंट दिखने के मामले में पुलिस ने वाहन मालिकों से वसूले 30 हजार समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के श्रीगढ़ प्राथमिक स्कूल ग्राउण्ड में एक निजी स्कूल के बच्चों द्वारा चार पहिया वाहन इनोवा,थार,डस्टर आदि से तेज गति व खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडिया को संज्ञान में लेकर यातायात पुलिस द्वारा 5 वाहनों को चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। 5 वाहन मालिकों से 30 हजार रुपए समन शुल्क के रूप में वसूल की गई है। वहीं पुलिस ने अभिभावकों व छात्रों को भविष्य में इस प्रकार की घटना व स्टंट किए जाने पर चालानी कार्रवाई के साथ उचित वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। वहीं सोमवार को एएसपी पपुलेश कुमार द्वारा स्टंट दिखाने वाले बच्चों को चिन्हांकित कर अभिभावकों के साथ कोतवाली बुलाया गया था। इस दौरान एएसपी ने छात्रों व अभिभावकों को फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी घटना न करने की समझाइश दी थी।



## तेज रफ्तार दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक की मौत, तीन नाबालिग घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर स्थित मणिपुर थाना के समीप तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीन नबालिग सहित 5 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मणिपुर पुलिस ने सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन नाबालिगों का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के घुटरापारा निवासी आकाश जायसवाल, चांदनी चौक निवासी जयकृष्ण आर्य व मायापुर निवासी मोहित गुप्ता बाइक क्रमांक सीजी 15 डीआर 1342 से सांड़बार बैरियर की ओर काफी तेज गति से जा रहे थे। वहीं विपरित दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 5510 से महेश्वर सिंह पैकरा पिता बलभद्र सिंह उम्र 32 वर्ष व अयोध्या राम पिता स्व मकुन्द राम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम अनंतपुर थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर काफी तेज गति से सांड़बार की ओर से बिलासपुर चौक की ओर आ रहे थे। तभी मणिपुर थाना के समीप पेट्रोल पंप के पास आमने-सामने दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। गति काफी तेज होने के कारण दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। वहीं दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार कुल 5 लोग घायल हो गए। सूचना पर मणिपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवया। यहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद महेश्वर ड्क्षसह व अयोध्या राम की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में आकाश जायसवाल, जयकृष्ण आर्य व मोहित गुप्ता गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज चल रहा है।



## नाबालिगों के माता-पिता को थाने बुलाकर दें कड़ी चेतावनी : टीएस



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने जिले में बढ़ते अपराध और नाबालिग युवाओं द्वारा टोली बनाकर किए जा जरहे अपराध पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने पर जोर दिया है। पुलिस अधीक्षक से उन्होंने नाबालिगों के माता-पिता को थाने बुलाकर कड़ी चेतावनी देने और कानून सम्मत कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। एसपी विजय अग्रवाल से दूरभाष पर चर्चा कर पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंह देव ने कहा कि नाबालिगों द्वारा विगत कुछ दिनों से गैंग बनाकर आये दिन मारपीट करने की घटना सामने आ रही है। युवकों का समूह सिर्फ मारपीट ही नहीं करता बल्कि घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर अपना दबदबा बनाने का प्रयास करता है। अपराधियों पर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। स्कूली बच्चे खुले आम कानून को धता बना कर खतरनाक स्टंट कर रहे है। युवाओं में नशे का प्रचलन भी बढ़ा है। पूर्व डिप्टी सीएम ने अपराध को रोकने के लिए लगातार कड़े कदम उठाने, कानून सम्मत कठोर कार्यवाही,अपराध में संलिप्त नाबालिगों के परिजनों को समझाइश देने कह।

## कानून व्यवस्था हेतु कराया गया बलवा ड्रील का अभ्यास



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जनरल परेड के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार ने रक्षित केन्द्र में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों में बेहतर अनुशासन एवं जिले में कानून व्यवस्था नियंत्रण हेतु बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया। जिले में कानून व्यवस्था के दौरान आक्रामक भीड़ पर बेहतर नियंत्रण एवं आवश्यकतानुसार तितर-बितर किए जाने हेतु आवश्यक उपकरण एवं आयुधो के उपयोग की जानकारी भी दी गई। रक्षित केन्द्र में जिले के सभी थाना, चौकी, पुलिस कार्यालय, यातायात, एवं डॉग स्कॉड द्वारा परेड किया गया। जहां 131 की संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्तिथ रहे। ऐसे पुलिस कर्मचारी जिनका टर्न-आउट, परेड एवं बलवा ड्रील के अभ्यास में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा उन्हें उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उचित इनाम भी दिया गया।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ली ट्रांस्पोटरों की मीटिंग



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर की यातायता व्यवस्था दुरूस्त करने के उद्देश्य से एएसपी पुपलेश कुमार ने ट्रांस्पोटरों की मीटिंग ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ट्रांस्पोटरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सडक़ किनारे भारी वाहनों को न खड़ा करें। अक्सर शहर के रिंग रोड में बंगाली चौक, खरसिया चौक, बिलासपुर चौक, गांधी चौक तक भारी वाहनों की पार्किंग की जाती है व वाहनों का मरम्मत कार्य कराया जाता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो भी चुके हैं। इस विषय पर चर्चा करते हुए एएसपी ने भारी वाहनों को सडक़ किनारे खड़ा किए जाने पर प्रतिबंधित किया गय है। वहीं शासकीय, अशासकीय स्कूल कॉलेजों के कैम्पस में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही पार्किंग करने का सुधाव दिया गया। लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कैम्प लगाने पर चर्चा करते हुए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। शहर के भीतरी भागों में भारी वाहनों के प्रवेष ना करने हेतु गांधी चौक, बंगाली चौक, बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, आकाषवाणी चौक, प्रतापपुर चौक, सदभावना चौक, चांदनी चौक आधि स्थलों में नो एन्ट्री का बोर्ड नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के द्वारा लगाने हेतु यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। ओवर लोड वाहनों पर उचित कार्यवाही करने हेतु यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। शहर के अंदर फुटपाथ में लगाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध नगर निगम व यातायात पुलिस को संयुक्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## चेकिंग अभियान चलाकर 212 वाहन चालकों से वसूले गए 1 लाख 41 हजार रुपए

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा विजिबल पुलिसिंग के तहत शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार की शाम पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 212 वाहन चालकों से 1 लाख 41 हजार 7 सौ रुपए समन शुल्क की वसूली की है।

पुलिस अधिकारियो की देख रेख में समस्त थान, चैकी के कुल 150 पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार की शाम को शहर के सभी प्रमुख चैक-चैराहों सहित सभी आउटर सीमा पर पुलिस द्वारा नाबालिग वाहन चालक, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की गई। इस दौरान 10 प्रमुख चैक चैराहों पर पुलिस टीम तैनात किए गए थे, जिसमें समलाया चैक, भारत माता चैक, बंगाली चैक, चांदनी चैक, बिलासपुर चैक, बस स्टैंड तिराहा, चैपाटी, अम्बेडकर चैक, पंजाब गार्डन तिराहा, साई मंदिर तिराहा के पास संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सघन जांच की गई। इस दौरान दौरान 212 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं 2 वाहनों को जब्त कर न्यायालय भेजा गया। कार्रवाई के दौरान वाहन मालिकों से कुल 1 लाख 41 हजार 7 सौ रुपए समन शुल्क की वसूली की गई। वहीं नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को बुलाकर सख्त चेतावनी देते हुए कार्रवाई की गई।



## महतारी वंदन योजना के लिए 2.24 लाख महिलाओं ने किया आवेदन

**» महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह**



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शासन की महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला है। योजना का लाभ लेने के लिए सरगुजा जिले में 2 लाख 24 हजार से भी ज्यादा महिलाओं ने आवेदन किया है। प्रथम चरण की आवेदन करने की समय सीमा के अंतिम दिन 20 फरवरी तक महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों, परियोजना कार्यालयों, वार्ड कार्यालयों में पहुंचकर आवेदन किया। शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने की शुरुआत की गई थी। आवेदन के पहले दिन से ही महिलाएं उत्साह के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों में जाकर ऑनलाइन फार्म भरने में जुटीं थीं। मंगलवार को फार्म भरने की अंतिम तिथि पर दोपहर तक 2 लाख 24 हजार महिलाओं ने आवेदन किए। अंतिम समय तक आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या में बढोत्तरी हुई। आवेदनों का सत्यापन का कार्य भी निरंतर जारी है। बता दें कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

## डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**300 लीटर से अधिक डीजल,पेट्रोल किया गया जप्त**

- संवाददाता -
लखनपुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा स्थित वाटिका ढाबा के सामने खड़े कंटेनर से डीजल चोरी के मामले में लखनपुर पुलिस ने 20 फ़रवरी दीन मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।प्रार्थी दीपक कुमार कन्टेनर वाहन चालक है जो दिनांक 16.02.2024 को जजगा लखनपुर स्थित वाटिका ढाबा में अपने कंटेनर वाहन क्र- आर.जे. 29 जी ए-5091 खड़ी कर खाना खाने के बाद सो गया। सुबह उठकर देखा तो डीजल टंकी का ताला टूटा था और टंकी से डीजल चोरी हो गया था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने डीजल टैंक का ताला तोड़कर टंकी से 160 लीटर डीजल कीमती 15360 रू. का चोरी का लिया। रिपोर्ट पर थाना लखनपुर में अपराध क्र- 38/2024 धारा 379, 411, 285, 34 भा.द.वि. का अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर डी.व्ही. कंपनी में काम करने वाले हाईवा चालक राजेन्द्र सिंह और जीतलाल यादव द्वारा ढाबे में खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी कर नवापारा के होटल संचालक कृष्णा सिंह को बेचने की जानकारी मिली। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते नवापारा होटल संचालक राजेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने जीतलाल यादव के साथ जजगा स्थित वाटिका ढाबा के सामने खड़ी कंटेनर से डीजल चोरी करना स्वीकार किया एवं उक्त डीजल से 50 लीटर कृष्णा सिंह कंवर निवासी अमगसी नवापारा के होटल में बिक्री करना बताया तथा शेष डीजल जजगा ढ़ाबा के पास जी एक मकान में छीपाकर रखना बताया। आरोपी राजेन्द्र सिंह के कब्जे से जजगा मकान में छिपाये हुए 80 लीटर डीजल कीमती 7840 रू का जप्त किया गया तथा आरोपी होटल सचालक कृष्णा सिंह कंवर से बरामद डीजल एवं पेट्रोल का मौके पर वैधानिक जस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 25680 रू का डीजल एवं पेट्रोल जप्त कर विधिवत कार्यवाही की गई है। थाना लखनपुर द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना लखनपुर के प्र.आर. आर. नरेंद्र जांगड़े, रवि सिंह, आर. तेजराज भगत, अमरेश दास, देवेंद्र सिंह शामिल रहे।



## ट्रैक्टर चोरी के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ट्रैक्टर चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार सौरभ मंडल गांधीनगर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर का रहने वाला है। वह एलटी फाइनेंस कंपनी में रेपो एजेंट का कार्य करता है। चांची, बधिमा निवासी नरेश टोप्पो ने एलटी कंपनी से ट्रैक्टर फाइनेंस कराया था। किस्त न पटा पाने पर 8 फरवारी को कंपनी के रेपो एजेंट सौरभ ने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 30 एफ 2648 को अपने कब्जे में लेकर कंपनी के यार्ड में जमा करने हेतु अम्बिकापुर ले आया। जहां देर रात होने से यार्ड बंद हो जाने पर वह उक्त ट्रैक्टर को अपने मकान के सामने खड़ा किया था। वहीं इसके घर में अंकित उर्फ संतोष यादव नामक व्यक्ति पिछले 1 साल से किराए में रहता था। जो अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त ट्रैक्टर को चोरी कर लिया था। मामले की रिपोर्ट सौरभ ने गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 150 स्थानों पर लगे सीसीटीवी खंगालने पर आरोपी लुण्ड्रा निवासी संतोष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी अंकित उर्फ संतोष यादव, जयनारायण यादव उर्फ बंगाली, महेश यादव, महेदश नगेशिया, इश्वर दास सहित दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# विधानसभा में ईओडब्ल्यू के जांच के मामले का उठा सवाल

## सरकार की एजेंसी ईओडब्ल्यू ने 38 महीने में केवल एक प्रकरण किया दर्ज...आखिर क्या है वजह...?

**रायपुर,20 फरवरी 2024(ए)।** विधानसभा में आज सरकार ने उन मामलों की जानकारी दी जो कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई। इस सूची पर गौर किया जाये तो अप्रैल 2018 से लेकर दिसंबर 2020 तक 18 प्रकरण दर्ज किये गए। इसके बाद 2023 तक केवल और केवल एक ही मामला दर्ज किया गया। मतलब सरकार की जांच एजेंसी ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण विंग) को अब तक आर्थिक अपराध के कोई भी मामले नहीं मिले...!

सदन के प्रश्नोत्तर काल में विधायक आशाराम नेताम ने सवाल किया कि अप्रैल 2018 से लेकर 2023 तक प्रदेश में ईओडब्ल्यू द्वारा कितने मामलों में एफ आईआर दर्ज किया गया और उनकी क्या स्थिति है। इसके जवाब में बताया गया कि राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में 01 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि में धारा 420 भादवि के तहत 19 प्रकरण पंजीकृत किये गये है, जिसमें से 02 प्रकरण में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है, 01 प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति हेतु संबंधित विभाग को भेजा गया है जो अभी तक अप्राप्त है, 01 प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विवेचना पर रोक लगायी गई है, शेष 15 प्रकरण विवेचनाधीन है। लोक अभियोजन की स्वीकृति मिलने के बाद भी अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं किये जाने वाले प्रकरण निरंक है।




### नई सरकार में ईडी ने दर्ज कराये यह मामले

छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव सरकार के आने के बाद ईडी ने उन 4 मामलों में ईओडब्ल्यू में एफ आईआर दर्ज कराई, जिनकी वह जांच कर रही थी। इनमें कोल लेवी वसूली, शराब घोटाला, कस्टम मिलिंग और डीएमएफघोटाला शामिल है। कुल मिलाकर आखिरी के 5 मामले ईओडब्ल्यू ने स्वयं दर्ज नहीं किये बल्कि दूसरी एजेंसी द्वारा दर्ज कराये गए हैं। और वर्तमान स्थिति यह है कि अब भी इस जांच एजेंसी की कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही है।

### ईडीकी कार्रवाई के दौरान तटस्थ रहा ईओडब्ल्यू

सरकार द्वारा दी गई जानकारी और वर्तमान स्थिति पर अगर गौर करें तो आखिरी के एक प्रकरण को छोड़कर कुल 38 महीने की अवधि होती है और इस बीच प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्तारूढ़ हो जाती है। 9 दिसंबर 2020 के बाद ईओडब्ल्यू ने एक बैंक प्रबंधन द्वारा की गई शिकायत पर कोर्ट के आर्डर पर एफआईआर दर्ज किया था। इसको छोड़कर कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। यह वही कार्यकाल है जब प्रदेश में केंद्र की एजेंसी ईडी की इंट्री हुई और छापों का दौर शुरू हो गया। ईडी ने कोयला लेवी वसूली, नान घोटाला सहित कुछ अन्य मामलों में लगातार कार्रवाई की और कई बड़े अधिकारियों और दलालनुमा लोगों को गिरफ्तार किया। इस बीच राज्य की एजेंसियों ईओडब्ल्यू और एसीबी ने पूरी तरह तटस्थता बरती और प्रदेश में भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की। इसको लेकर सरकार की ओर से कोई दबाव था या फिर दोनों एजेंसियों का भारी-भरकम अमले ने कोई रूचि नहीं दिखाई, इस बात को अच्छी तरह समझा जा सकता है।

### दर्ज प्रकरणों की स्थिति भी जस की तस

ईओडब्ल्यू की कार्रवाइयों के बारे में सरकार ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक अधिकांश प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं, वहीं एक प्रकरण अभियोजन की स्वीकृति के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। केवल 2 प्रकरण में ही चालान प्रस्तुत किया गया है और एक प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच पर रोक लगाई गई है। सच तो यह है कि कांग्रेस की सरकार के पूर्व के समय के भी कई प्रकरण सालों से लंबित पड़े हैं, और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### हर रोज पहुंचती हैं शिकायतें

राज्य सरकार की दोनों एजेंसियां शासकीय विभागों में होने वाले भ्रष्टाचार की गहन जांच के बाद कार्रवाई करती हैं। ऐसा नहीं है कि बीते 38 महीनों में ईओडब्ल्यू में कोई शिकायत नहीं पहुंची, बल्कि सूत्र बताते हैं कि ईओडब्ल्यू और एसीबी के दफ्तर में हर रोज औसतन दर्जन भर शिकायतें पहुंचती हैं। मगर उस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि अभी भी सरकार की दोनों एजेंसियों के कामकाज में कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही है, केवल उन 4 प्रकरणों को छोड़कर जो ईडीद्वारा दर्ज कराई गई हैं।

## सदन में उठा अवैध रेत खनन का मुद्दा

### धरमजीत सिंह ने दी इस्तीफा देने की चेतावनी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल में आज अवैध खनन का मामले सदन में जोरशोर से उठा। सवाल-जवाब के दौरान हंगामा भी हुआ इस दौरान विधायक की सरकार को चुनौती के बाद मंत्री ने मामले में अगले 15 दिनों तक लगातार कार्रवाई करने का बड़ा ऐलान किया है। यह मामला सबसे पहले उठाया पामगढ़ की कांग्रेस सदस्य शेषराज हरवंश ने। इस मुद्दे को लपकते हुए धरमजीत सिंह ने सरकार के सामने ही चुनौती पेश कर दी। धरमजीत सिंह ने मंत्री को हेलीकॉप्टर से सर्वे करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अगर अभी 200 पोकलेन नदी में नहीं



होंगे तो मैं विधानसभा से इस्तीफा दे दूंगा। सदस्य ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने रेत का बड़ा खेल खेला है, घाटों का अधिकार पूर्व की तरह पंचायत को देने की जरूरत है। इसके अलावा 15 दिनों तक लगातार कार्रवाई करने की जरूरत है। जुर्माने के प्रावधान से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है। सदस्य के इस मांग पर मंत्री ने आगामी 15 दिनों तक रोज कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश दिए हैं।

गौरतलब हैं कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज 11वां दिन हैं। आज कई अहम् मुद्दों पर मंत्रियों से सवाल-जवाब किये जायेंगे। विपक्ष और सत्ता पक्ष खुद भी सरकार के मंत्रियों को घेरने की तैयारी में जुटे हुए हैं। तीन दिनों बाद आज जब विधानसभा की कार्रवाई शुरू हो रही हैं तो सत्र के आज के आज का दिन हंगामेदार रहने की आशंका जताई जा रही है।

## निःशुल्क रेत देने की घोषणा, ये परिवार होंगे लाभान्वित

विधानसभा में मंगलवार को अवैध रेत उत्खनन पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ी घोषणा की । विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सवाल पर उन्होंने



कहा कि गांव वालों को खुद के उपयोग के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाने छोटे ट्रेक्टर से रेत निःशुल्क दिया जाएगा।

कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने मामला उठाते हुए कहा कि अवैध रेत खदान की शिकायत आई है। क्या रेत खदानों में मशीनों से लोडिंग की अनुमति है? मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि किसी को मशीन से लोडिंग की अनुमानित नहीं है. बिना अनुमति के अगर कहीं खनन चल रहा है तो इस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि आप अभी हेलीकॉप्टर से अभी चलिए, अगर 200 से ज़्यादा पोकलेन उत्खनन करती नहीं मिली तो मैं अपनी विधायिका से इस्तीफ़ा दे दूंगा।

## विधानसभा में गरमाया डीएमएफ का मुद्दा



### पिछली सरकार पर उठी उंगली, मंत्री ने कहा- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्यवाही

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सबसे पहले बस्तर में डीएमएफ से मिली राशि का मुद्दा गरमाया है। डीएमएफ से बस्तर में स्वीकृत कार्यों को लेकर कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने सवाल उठाया। मुख्यमंत्री के नहीं होने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि, बस्तर में 34 करोड़ का कार्य को स्वीकृत किया गया है। साथ ही यह भी कहा कि, राज्य स्तर से कोई काम अस्वीकृत नहीं किया गया है।

### पिछली सरकार पर लगे आरोप

चर्चा के दौरान मंत्री रामविचार नेताम ने पिछली सरकार पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि, पिछली सरकार में मंत्रियों ने छ्रस्न्न के नाम पर काफी गड़बड़ी की है। जो भी गड़बड़ी हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए। तब मंत्री चौधरी ने कहा कि जिसने भी गड़बड़ी की है उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

### स्वीकृत कार्यों को लेकर उठाया सवाल

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूछा कि, शासी परिषद की पुरानी बैठक में स्वीकृत कार्यों का क्या होगा। पुरानी बैठकों में स्वीकृत काम माने जाएंगे या नहीं? इस पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आने वाली कार्ययोजना के लिए बैठकें की जा रही हैं। कार्यों की समीक्षा के लिए भी कहा गया है।

### नेता प्रतिपक्ष ने पूछा- कहां करें शिकायत..?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने डीएमएफ के कार्यों को लेकर पूछा कि, अगर कलेक्टर कार्यों को निरस्त करें तो कहां शिकायत करें। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, मुख्यमंत्री या फिर जिले के प्रभारी को जानकारी दी जा सकती है।

### स्वीकृत कार्यों को किया गया निरस्त

कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने इस मौके पर सदन में बताया कि, बस्तर कलेक्टर के 6 काम स्वीकृत हुए थे। उसे निरस्त कर दिया गया है। मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि कलेक्टर को छ्रस्न्न के किसी भी कार्य को स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिए कलेक्टर को शासी परिषद से अनुमोदन लेना होगा।

# मंत्री नेताम ने केन्द्रीय कृषि एवं जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुण्डा से की सौजन्य मुलाकात

- » छत्तीसगढ़ के किसानों के आय दोगुना करने तकनीकि पहलुओं पर हुई चर्चा
- » ड्रोन पद्धति,सामुदायिक वानिकी, छोटे-छोटे यूनिट्स और मैक्नाईजेशन के लिए 1100 करोड़ रूपए का दिया प्रस्ताव, केन्द्रीय मंत्री ने दी सैद्धांतिक सहमति
- » धान के अलावा लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने पर जोर
- » इथेनॉल बनाने मक्के की संभावनाओं पर भी चर्चा



**रायपुर,20 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास और आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुण्डा से सौजन्य मुलाकात की।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने छत्तीसगढ़ के किसानों की भविष्य की चिन्ता करते हुए उनकी आय दोगुनी करने के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा से तकनीकि पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रदेश में किसानों को धान के अलावा लघु धान्य फसलों के प्रति जागरूक करने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर मंत्रियों ने छत्तीसगढ़ में इथेनॉल तैयार करने के लिए मक्का की फसलों की संभावनाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

कृषि मंत्री श्री नेताम के नेतृत्व में अधिकारियों के दल द्वारा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा और अधिकारियों से भी किसानों की आय बढ़ाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर ड्रोन पद्धति, सामुदायिक वानिकी, लघु उद्योग हेतु छोटे-छोटे यूनिट्स और मैक्नाईजेशन के लिए 1100 करोड़ रूपए के प्रस्ताव केन्द्रीय मंत्री को सौंपा गया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा इन प्रस्तावों पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए आश्वस्त किया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी प्रस्तावों पर सहमति है और जल्द से जल्द अनुमोदित करने हेतु निर्देश किया जाएगा। इन प्रस्तावों के स्वीकृत हो जाने से प्रदेश में मक्का के फसलों को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक वर्ष मक्का के 50,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल बढने की संभावना है, इससे लगभग हर वर्ष 1,45,000 हेक्टेयर मिलेट की खेती कराया जा सकेगा। मुलाकात के दौरान पीएम प्रणाम योजना और नैनो उर्वरक, मैक्नाईजेशन को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।मंत्री श्री नेताम ने इस दौरान केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता को किए गए वादों को पूरा करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी है। किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा मोदी की गारंटी के अनुरूप अंतर की राशि जल्द प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार ने शासन में आते ही प्रदेश के 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देने की स्वीकृति प्रदान कर उल्लेखनीय कार्य किया है।

# छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों के आईआईटी स्टूडेंट्स को पीएम मोदी ने दी बड़ी सौगात




### कार्यक्रम में सीएम साय भी हुए शामिल

**दुर्ग,20 फरवरी 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू का दौरा से छ्रत्न समेत अन्य प्रदेशों के आईआईटी स्टूडेंट्स का इतंजार भिलाई आईआईटी कैंपस का लोकार्पण करके ख़त्म कर दिया है । बता दें सीएम विष्णुदेव साय आज भिलाई आईआईटी के स्थाई कैंपस के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।उल्लेखनीय है कि आईआईटी के निर्माण की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने 14 जून 2018 को रखी थी। इसके निर्माण का कार्य 8 जुलाई 2020 को आरंभ हुआ। आईआईटी भिलाई का परिसर 400 एकड़ में फैला है। आरंभिक रूप से इसके निर्माण के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 1090 करोड़ 18 लाख रुपए स्वीकृत किए गए बिल्डिंग में लेक्चर हाल, सेमिनार रूम, क्लास रूम आदि बनाये गये हैं। भिलाई आईआईटी में निर्मित भवनों के नाम छत्तीसगढ़ के प्रमुख नदियों और पर्वतों के नाम पर रखे गये हैं।

## सीबीआई जांच पर लगी रोक विष्णुदेव साय सरकार ने लिया वापस

**रायपुर,20 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य में एक बार फिर से सीबीआई जांच कर पाएगी। करीब 5 साल पहले सीबीआई जांच पर यहां रोक लगा दी गई थी। राज्य के




गृह विभाग ने सीबीआई द्वारा जांच व अनुसंधान के लिए अधिकारिता के संबंध में केंद्र सरकार को 10 जनवरी 2019 को भेजे गए विभागीय पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है।ज्ञात हो कि भाजपा ने सत्ता संभालते ही गत 3 जनवरी 2024 के कैबिनेट की बैठक में पीएससी 2021-22 में हुए गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा की थी. इसे लेकर करीब महीनेभर बाद राज्य शासन ने ईओडब्ल्यू एसीबी में एफआईआर भी दर्ज कराई. चूंकि अब सीबीआई पर राज्य में लगा प्रतिबंध हट गया है, लिहाजा सीबीआई कभी भी छत्तीसगढ़ में धमक सकती है।

## राजा देवेंद्र प्रताप सिंह बने राज्यसभा सदस्य

**रायपुर,20 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय जनता पार्टी ने आज राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को छत्तीसगढ़ निर्विरोध राज्यसभा के सदस्य बनाया है। इस दौरान विधानसभा सचिव ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा है।



राजा देवेंद्र प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर की उपस्थिति में प्रमाण पत्र लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति विश्वास जताने पर आभार जताया और कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने उन पर भरोसा जताने पर भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि मेरी कोशिश रहेगी कि मैं छत्तीसगढ़ के लिए अच्छे से अच्छा कार्य करूं। राजा देवेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में रायगढ़ जिले के लैलुंगा से जिला पंचायत सदस्य हैं. वह रायगढ़ जिले के गोंड (आदिवासी) राजा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य शास्त्रीय नृत्य और संगीत सम्राट रहे दिवंगत राजा चक्रधर सिंह के पोते हैं।

## धर्मांतरण कानून,भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर कसा तंज



### राष्ट्रपति के पास पड़ा हुआ है प्रस्ताव,अब क्या लाएंगे कानून

**रायपुर,20 फरवरी 2024(ए)।** प्रदेश में धर्मांतरण पर बनाए जा रहे कानून पर भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने इसमें कानून लाया था। अब वह राष्ट्रपति के पास पड़ा हुआ है। अब तक वापस नहीं आया है। अब क्या कानून लाएंगे? कानून तो वर्षों से पड़ा हुआ है इनको याद नहीं है। उनके अधिकारियों को पता रहना चाहिए।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली दौरे से वापस राजधानी रायपुर लौटे। जहां रायपुर एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान भूपेश बघेल ने महतारी वंदन योजना पर कहा कि फॉर्म भरने की तारीख बंद नहीं होनी चाहिए। इसके और आगे बढ़ाना चाहिए।

महतारी वंदन योजना पर कहा कि महतारी वंदन योजना की तारीख बंद नहीं होनी चाहिए। महिलाएं अपनी सुविधा से फॉर्म भरें। तारीख को बढ़ाई जानी चाहिए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शिक्षा व्यवस्था वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि मिडिल क्लास हो या गरीब लोगों के बच्चे है उन्हें सुविधा मिल रही थी। हर चीज में गड़बड़ी कर सब कुछ बंद कर रही है बीजेपी। कार्यकाल समाप्ति पर पीएम श्री योजना लाए हैं। कब लागू होगा? अब एग्जाम का समय है। कांग्रेस की नकल कर ये सब ला रहे हैं।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की निशुल्क रेत प्रदान करने की घोषणा पर भूपेश बघेल ने कहा कि पहले पैसा रिलीज करें। अनुपूरक बजट में यह स्वीकृत हुआ है वह राशि अब तक नहीं हुआ। हमारे कार्यकाल में दूसरी किश्त किसी को नहीं मिली है। रेत खदान बंद पड़े हैं, वहां गुंडागर्दी हो रही है। जिनकी लाठी उनकी भैंस। पिछले बार बहुत हल्ला करते थे अब सबकी बोलती बंद है। मैं सुन रहा हूं कि जो पार्टनरशिप करेगा वही चलाएगा।

छत्तीसगढ़ में छ्रक्चढ्ढ की एंट्री पर भूपेश बघेल ने कहा कि सीबीआई जांच की रोक नहीं थी। छ्रक्चढ्ढ जांच पर पहले ही बैन लगा दिया था। केवल नोटिफिकेशन हमने करवाया था। जो जांच करवाना चाहते थे वह राज्य सरकार से अनुमति लेते थे। पिछली सरकार में भी जांच होती थी। अब खुला कर दिए हैं तो कोई बात नहीं। बैन तो बीजेपी सरकार ने ही लगाया था।

# कोरिया के प्रभारी डीपीएम का रायपुर दौरा महीने में

# 10 बार विभाग के कौन से काम के लिए होता है ?

## जिले में प्रशासनिक दादागिरी के बल पर प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रिंस और बेहद मीठे सीएमएचओं डॉ सेंगर चला रहे विभाग ?

## क्या दादागिरी से चलने वाले प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रिंस और बेहद मीठे सीएमएचओं डॉ सेंगर पर भाजपा सरकार भी नहीं कर पाएगी कार्यवाही ?

## पूरे छत्तीसगढ़ में डीपीएम होंगे पर कोरिया के प्रभारी डीपीएम जैसा रायपुर दौरा किसी डीपीएम का नहीं होता होगा

## डीपीएम खबर छपने के बाद गाड़ी के मामले में लॉग बुक में कर रहे छेड़खानी करने की फिराक मे:सूत्र

## अधिकारी से लेकर मंत्री तक कह रहें हैं की डीपीएम की कार्यशैली है खराब:सूत्र

## जब कोरिया प्रभारी डीपीएम विवादित है तो फिर कैसे नहीं हटाए जा रहे हैं ?

## प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रिंस जायसवाल और बेहद मीठे सीएमएचओं डॉ आरएस सेंगर विशेष


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना | कोरिया-कोरबा-समाचार
कब तक चलता रहेगा कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग
प्रभारी सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम के भरोसे ?
सीएमएचओ पद पर नहीं हो रहा प्रमोशन...क्या जिसे चाहे उसे बनाओ प्रभारी सीएमएचओ ?
कोरिया में ना तो फुल फ्लैश सीएमएचओ और ना ही फुल फ्लैश डीपीएम...जो फुल फ्लैश है उसे प्रभार नहीं मिल रहा...पर प्रभारी सीएमएचओ व डीपीएम का रुतबा बरकरार


घटती घटना | अम्बिकापुर, शुक्रवार 02 फरवरी 2024 | 5
क्या स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रिंस जायसवाल के सामने प्रशासन व मंत्री सब नतमस्तक ?
कोरिया जिले के स्वास्थ्य महकमे का अजीब कारनामा,ममला लाखों की हेराफेरी का
मेडिकल स्टोर का संचालक जेल में और उसके दुकान से स्वास्थ्य विभाग ने कर ली लाखों की खरीदी
जेल में रहते हुए भी मेडिकल स्टोर संचालक ने स्वास्थ्य विभाग में दवाइयों की की सप्लाई,कैसे ?
आपके पड़ोसी जिले के स्वास्थ्य महकमें में जारी है


घटती घटना | अम्बिकापुर , गुरुवार 15 फरवरी 2024 | 5
क्या सीएमएचओ के लिए उनके वाहन का नंबर प्लेट पीला होना उनके शान के खिलाफ ?


घटती घटना | अम्बिकापुर, शनिवार 10 फरवरी 2024 | 5
क्या कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग
भ्रष्टाचार में इतिहास रचने जा रहा है ?

-रवि सिंह-
कोरिया,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
कोरिया में प्रभारी डीपीएम सुर्खियों में बने हुए हैं और यह सुर्खियों में तब तक बने रहेंगे जब तक यह अपने पद से हटाया ना जा सके, सुर्खियां भी है अपने कारनामों से खूब बटोरते हैं कभी खरीदी में तो कभी अपने लिए लगे अधिग्रहित किए गए वाहन को लेकर... अभी जो यह सुर्खियों में आए हैं उसमें एक नई कहानी है कोरिया जिले की प्रभारी डीपीएम का रायपुर दौरा महीने में लगभग 10 बार हो जाता है इतना दौरा छत्तीसगढ़ का कोई भी डीपीएम नहीं करता होगा जितना दौरा कोरिया जिले के प्रभारी डीपीएम करते हैं अब सवाल यह उठता है कि कोरिया जिले के प्रभारी डीपीएम का रायपुर में ऐसा कौन सा विभागीय काम या बैठक होती है जिस वजह से उन्हें कितना दौरा रायपुर का करना पड़ता है? यह विषय विभाग के लिए भी सोचनीय है और मंत्री के लिए भी सोचने वाली है कि आखिर कोरिया के प्रभारी डीपीएम का रायपुर में ऐसा कौन सा काम है कि उन्हें महीने में 10 बार जाना पड़ता है और उसे दौर में शासन का ईंधन खर्च होता है और शासन को उनके दौरे के लिए अतिरिक्त भार दिया जाता है।

ज्ञात होकी इन दिनों मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया कार्यालय सुर्खियों में है, घटती घटना लगातार सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम की कार्यप्रणाली व वित्तीय अनियमितताओं पर खबरें प्रकाशित कर रहा है, एक महिने में 5 हजार से ज्यादा किराए के वाहनों के दौड़ने की खबर के बाद विभाग में हलचल मची हुई है। खबर के बाद अधिकारियों को उक्त बिलों को मैनेज करने में पसीना छूट रहा हैं। सीएमएचओ कार्यालय के सूत्रों की माने तो रायपुर से दोपहर के बाद लौटते ही डीपीएम ने सीएमएचओ के साथ अकेले में घंटो चर्चा की, उसके बाद कार्यालय के बाहर खड़े हो कर दोनों मंत्रणा करते रहे, जिसके बाद यह तय किया गया कि 5 हजार किमी से ज्यादा चली वाहनों का भार कार्यालय के कर्मचारी भी उठाए और वो भी लॉग बुक में हस्ताक्षर करें, और बताए कि उन्होने भी 5 हजार किमी चले वाहन में दौरा किया है। वहीं कर्मचारी सब जानते है कि घटती घटना में लगातार आ रही खबरों से कभी भी मामले की जांच हो सकती है जिसके कारण कोई भी लॉगबुक में हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं है। इधर, सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अब प्रति माह 5 हजार से ज्यादा वाहनों को दौड़ाने को लेकर वाहन मालिक तो बताएगा कि वाहन कहां कहा गई और उस वाहन में कौन बैठा, परन्तु कहावत है कि जब गिदड़ की मौत आती है तो वो शहर की ओर भागता है, ऐसा ही हाल विभाग के सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम का है।

### आखिर कोरिया के प्रभारी डीपीएम को रायपुर में इतना कौन सा काम पड़ता है की महीने में 10 बार जाते है ?

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की माने तो कोरिया के डीपीएम आये दिन रायपुर दौरे में रहते है, चाचा मंत्री बने तो रायपुर, हाल ही में 4 दिन रायपुर से होकर आए है। जिला प्रशासन में इनकी पैठ का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते है कि आचार संहिता के दौरान भी इन्हें बाहर जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई थी, वही आसपास जिलों के डीपीएम की बात की जाए तो बीते डेढ माह से वो रायपुर नही गए है, ये जांच का विषय है कि इनकी ऐसी सभी डीपीएम से अलग से कौन सी ट्रेनिंग होती है जो सिर्फ कोरिया के डीपीएम को दी जाती है।

### क्या बदल गया वाहन ?

सूत्रों की माने तो जिस वाहन में प्रभारी डीपीएम दौरा करते है, उस वाहन को कई बार खुद भी वह ड्राइव करते है, परन्तु खबर के बाद डीपीएम ने गाडी बदल ली है, परन्तु बड़ी मात्रा में ऐसे बिलों का भुगतान कर दिया गया है, सूत्र यह भी बता रहे है इस पूरे खेल में सिर्फ डीपीएम ही अकेले नहीं है सीएमएचओ जो काफी मीठे है, उन्होने भी सरकारी वाहन का खूब लुत्फ उठाया है, सूत्र यह भी बता रहे है हर महिनों कई बार निजी कार्यो में किराए के वाहन दुर्ग से लेकर बिलासपुर दोड़े है। जिनका भुगतान सरकारी राशि से किया गया है।

### बड़े बेआबरू होकर

बीते सप्ताह रायपुर में डटे रहे प्रभारी डीपीएम मायूस लौटे है,सूत्र बताते है कि घटती घटना की खबरों का असर यह रहा कि रायपुर में सचिव स्तर के अधिकारियों ने बिल्कुल हाथ रखने नहीं दिया, कहा कि आपकी छवि से भाजपा सरकार की छवि खराब हो रही है। मंत्रालय में जिला प्रशासन की छवि पर गहरा धक्का लगा है। रायपुर में रहकर 4 दिन पूरी कोशीश की गई कि कोई तो अधिकारी उनकी बात सुनता। सूत्र यह भी बता रहे हे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस प्रकरण से नुकसान हो सकता है। भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री पूरे देश में कार्यवाही कर रहे है और उनकी पार्टी शासित राज्य में सरकार कार्यवाही नहीं कर पा रही है। बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है? तब विपक्ष में मैनेज अब तो सत्ता अपनी है जिले में प्रशासनिक दादागिरी के बल पर प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रिंस जायसवाल और बेहद मीठे सीएमएचओं डॉ आरएस सेंगर पर भाजपा सरकार अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है। हर कोई अच्छे से वाकिफ है कि जिले के कलेक्टर का यदि कोई कोरिया में सबसे राजदुलारा है तो वो है डॉ प्रिंस जायसवाल। कांग्रेस के कार्यकाल में तो पूरी दाल ही काली थी, नियमों को दरकिनार कर विभाग ने जमकर वित्तीय अनियमितताएं बरती गई थीं, अब भाजपा सरकार आने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर जिला प्रशासन चूं तक नहीं कर रहा है। वहीं तब विपक्ष चुप्पी साधे बैठा था बताया जा रहा है कि दोनों पर कांग्रेस की सरकार रहते भी कार्यवाही इसलिए नहीं हो पाई थी क्योंकि तब विपक्ष दोनों के खिलाफ बढिया मैनेज था और अब तो सैया भए कोतवाल तो डर काहे का। चाचा अब तो स्वास्थ्य मंत्री ठहरे तो अब डर किस बात का?

### जिले के स्वास्थ्य विभाग के वाहनों से स्वास्थ्य विभाग के लोग घरेलू काम भी निपटा रहे हैं...

सूत्रों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग कोरिया में मरीज को समय पर वाहन एंबुलेंस मिले न मिले लेकिन यदि किसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को पारिवारिक जरूरतों से भी वाहन की जरूरत है तो वह तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सूत्रों की माने कई बार स्वास्थ्य विभाग के वाहन स्वास्थ्य विभाग के लोगों के घरों के लोगों को लाने ले जाने का भी काम करते हैं जो देखा जा सकता है। अब समझा जा सकता है की कैसे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने वाला स्वास्थ्य महकमा अपनी निजी जरूरतें विभाग के ही पैसे से कर रहा है और वेतन अलग ले रहा है।

# राष्ट्रीय सूत्र सम्मान समारोह' महासमुंद मे मनेन्द्रगढ़ संबोधन की भागीदारी

## रचनात्मक साहित्य उत्सव का एक ऐतिहासिक दस्तावेज







-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ के महासमुंद में 18 फरवरी 2024 को आयोजित सूत्र सम्मान समारोह रचनात्मक साहित्य उत्सव की एक ऐतिहासिक तारीख बन गई, देश भर के बहुचर्चित साहित्यकारों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में बागबहरा से रजत कृष्ण, रायपुर से चर्चित उपन्यासकार एवं समीक्षक सुखनंदन सिंह धुर्वे नंदन, अशोक शर्मा, भागवत जगत, डी बसंत साव, शरद काकोश, सूत्र सम्मान के प्रणेता और समकालीन सूत्र पत्रिका के संपादक विजय सिंह , नासिर अहमद सिकंदर,एवं साहित्यकार श्रीमति सरिता सिंह रायपुर से नंदन जी, रायपुर के संभागायुक्त माननीय संजय अलंग सहित संबोधन मनेन्द्रगढ़ के साहित्यकार बीरेन्द्र श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल एवं बिलासपुर से सरदार दलजीत सिह कालरा ने राष्टीय सूत्र सम्मान के आयोजन के रचनात्मक साहित्य उत्सव में उपस्थित देश भर के सैकडों साहित्यमनीषी एवं हिन्दी प्रेमी श्रोताओं की सम्मिलित भागीदारी ने अरुणाचल प्रदेश की लेखिका डॉ. जमुना बीनी को दिए जाने वाले इस *सूत्र सम्मान* आयोजन को ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया।

बहु चर्चित साहित्यकार एवं संभागायुक्त रायपुर माननीय श्री संजय अलंग के मुख्य आतिथ्य एवं दुर्ग वि.वि. के कुलसचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. भूपेन्द्र कुलदीप की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ महासमुंद जिले की संस्था काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान एवं समकालीन सूत्र परिवार के संयुक्त आयोजन का यह रचनात्मक साहित्य उत्सव एक ऐतिहासिक दस्तावेज बन गया। साहित्य समागम के इस बृहद कार्यक्रम में छ.ग. प्रशासन सचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार माननीय त्रिलोक महावर एवं ईश्वर शर्मा की विशिष्ठ उपस्थिति ने इसे गौरवान्वित किया. छ.ग. की 47 वर्षो की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ के साहित्यकार बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गौरव अग्रवाल एवं संबोधन के पूर्व अध्यक्ष सरदार दलजीत सिंह कालरा ने सूत्र के आमंत्रण पर इस कार्यक्रम मे भागीदारी की,रंगमंचीय आवाज के धनी आमोद श्रीवास्तव के सफल संचालन में अतिथियों के प्रेरक उद्‍गार के साथ *सूत्र सम्मान* विजेता डा. जमुना बीनी ने अपने उद्बोधन में अपनी रचनाधर्मिता के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश के आदिवासी जन जातियों की सांस्कृतिक,साहित्यिक एवं सामाजिक जनजीवन के विभिन्न पक्षों की ऐसी तस्वीर प्रस्तुत की जिसमे उपस्थित साहित्यिकारों ने पूरे अरुणाचल प्रदेश को बहुत नजदीक से महसूस किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र मे आयोजित विशिष्ठ कवि परिचय एवं काव्य पाठ मे मनेन्द्रगढ़ के साहित्यिक पहचान बन चुके गौरव अग्रवाल, बीरेन्द्र श्रीवास्तव, एवं बिलासपुर से शामिल साहित्यकार सरदार दलजीत सिह कालरा ने अपनी रचना प्रस्तुति से संबोधन के साहित्यक उँचाईयाँ का परिचय दिया। जिसकी उपस्थित श्रोताओं एवं रचनाकारों द्वारा सराहना की गई. इस अवसर पर 2023-24 प्रकाशन वर्ष के *समकालीन सूत्र* पत्रिका के द्वितीय अंक का विमोचन किया गया। इस अंक मे बीरेन्द्र श्रीवास्तव के कविता संग्रह आज का एकलव्य पर कोरबा के समीक्षक डा. प्रशांत तिवारी द्वारा की गई समीक्षा को भी स्थान मिला है। इस सुखद अवसर पर डा. जमुना बीनी को छ.ग. के सरगुजा आदिवासी अंचल के रचनात्मक तेवर से परिचित कराने हेतु संबोधन संस्थान सदस्यों द्वारा *आज का एकलव्य* काव्य-संग्रह की एक प्रति भेंट की गई एवं सरगुजा के आदिवासी जनजीवन को नजदीक से जानने हेतु संबोधन संस्था की ओर से संस्थापक सदस्य बीरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उन्हें मनेन्द्रगढ़ आमंत्रित किया गया.। अरुणाचल प्रदेश के राजीव गांधी वि.वि.मे शिक्षा जगत से जुड़ी सहायक प्रोफेसर डा. जमुना बीनी को वर्ष 2023 का स्व. ठाकुर पूरन सिंह स्मृति सूत्र सम्मान उनके आंचलिक जनपदीय कविता, कहानी लेखन की पुस्तक के लिए दिया गया है। जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के जमीनी जनजातीयों की सांस्कृतिक पहचान को परिभाषित करने मे सफल रही हैं। महासमुंद का यह रचनात्मक राष्टीय सूत्र सम्मान- साहित्य समारोह, साहित्यिक आयोजन का एक ऐसा दस्तावेज बन गया, जो साहित्यिक पन्नों पर हमेशा अंकित रहेगा और भविष्य के दूसरे साहित्यिक आयोजन के लिए उदाहरण बनेगा।

# रेणुका के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में हुई 9 डॉक्टरों की पदस्थापना

## विधायक रेणुका ने क्षेत्र की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार



-संवाददाता-
कोरिया,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के प्रयास से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की पदस्थापना हुई है। विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 9 डॉक्टरों की पदस्थापना राज्य सरकार ने की है। विधायक रेणुका सिंह की मांग पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की असुविधाओं का तत्काल निराकरण करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। जिसमें भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेदरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माड़ीसरई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरासी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटाडोल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगोड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ार व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में चिकित्सकों की पदस्थापना होने पर विधायक रेणुका सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के प्रति भरतपुर सोनहत विधानसभा की समस्त जनता की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रदेश में अब मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन चल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। ग्रामीणों को अस्पतालों में बेहतर इलाज मिले इसके लिए स्वास्थ्य अमला सजग रहे। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की पदस्थापना होने से अब ग्रामीणों को ईलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने नवपदस्थ चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि, मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी नवपदस्थ चिकित्सक अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों में रहकर ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाए। स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर हमारी सरकार सजग- भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर हमारी सरकार सजग है। ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों में 9 डॉक्टरों की पदस्थापना होने से ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्रों में जो भी कमी होगी उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# अवैध कारोबार में लिप्त कारोबारियों पर शिकंजा

## पुलिस ने समान जब्ती के साथ दुकानों को किया सील

-संवाददाता-
कोरबा,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
बिलासपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में विगत 07 दिनों (एक सप्ताह) से विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार की गई एवं आगे भी कार्यवाही जारी रहने की बात कही गई है। जिसमें सभी प्रकार के अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब, नशीली पदार्थ, कबाड़ एवं डीजल के विरुद्ध सक्ति से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना, चौकी एवं सायबर सेल टीम के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया है।



कोरबा पुलिस के द्वारा इन एक सप्ताह में 840 नग नशीले इंजेक्शन 4236 नग टेबलेट एवं 06 नग सीरप को 11 आरोपियों से जप्त किया गया एवं आरोपियों के बताए अनुसार अन्य जगहों पर पुलिस की दबिश जारी है साथ ही पुलिस के द्वारा 09 आरोपियों के कब्जे से 30 किलो गांजा जप्त किया गया जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है एवं 16 नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। चैतमा चौकी क्षेत्र में स्थित आनंद मेडिकल स्टोर में नशीले पदार्थ बिक्री करने की शिकायत पर ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मिलकर मेडिकल स्टोर को सील किया गया है।पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही करते हुए कुल 1443 लीटर महुआ शराब 235 पाव देशी शराब एवं 10 पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया जाकर कुल 81 प्रकरणों में आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अलग-अलग जगह पर अवैध कबाड़ वाले स्थान पर दबिश देकर 14 प्रकरणों में कुल 57.5 टन कबाड़, 65 किलो तांबा एवं 04 किलो पीतल भी जप्त किया गया है साथ ही 09 कबाड़ की दुकानों को सील किया गया। इसी तरह अवैध रेत उत्खनन के प्रकरण में माइनिंग विभाग से मिलकर पुलिस के द्वारा रेत भरी 190 ट्रेक्टर को जप्त किया जाकर धारा 102 जाफौ. की कार्यवाही किया गया है। यह जानकारी जिले के पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दी । इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य पुलिस अधिकारी एवं पत्रकार मौजूद रहे ।

# लायंस क्लब बालको द्वारा समाज के उत्थान के लिए किया जा रहा सराहनीय कार्य

-संवाददाता-
कोरबा,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सहभागिता निभाते हुए लंबे अर्से से लायंस इंटरनेशन क्लब द्वारा समाज के लोगों के उत्थान में लगातार योगदान किया जा रहा है । लायंस क्लब द्वारा विश्व स्तर पर विशेष पांच बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है । जिसमे चाइल्ड हुड कैंसर,हंगर रिलीफ,डायबिटीज, पर्यावरण परिवर्तन एवं न्यूट्रीशन मुख्य है । यह जानकारी लायन सैलेश अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (3233सी) ने प्रेसवार्ता में दी । जिले के तिलक भवन में लायंस



क्लब बालको द्वारा प्रेस वार्ता लिया गया । जिसमे लायन सैलेश अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए लायंस क्लब के कार्यो की जानकारी दी । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब का गठन 106 साल पहले 1917 को शिकांगो में हुआ था। क्लब का मुख्य उदेश्य समाज सेवा व आमजन को जागरूक करना है। लायंस क्लब बालको पर उन्होंने प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 40 साल पहले 1985 में बालको क्लब की स्थापना हुई। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब देश की अग्रणी समाजसेवी संस्था है। 200 देशों में 50 हजार क्लब और 14 लाख से अधिक सदस्य हैं। वर्तमान में जिले में लायंस के 8 क्लब है।

# प्रेमिका ने दुनिया से ही कह दिया अलविदा

## मेला नहीं ले जाने पर प्रेमी से हुआ विवाद

-संवाददाता-
धौरपुर,20 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।ग्राम चन्देस्वरपुर में प्रेमी के घर पहुंच कर प्रेमिका ने मेला नहीं ले जाने को लेकर विवाद कर फांसी में झूल कर जान दे दी।



जानकारी के अनुसार जिला बलरामपुर ग्राम बादा क्षेत्र की निवासी युवती ग्राम चन्देस्वर पुर निवासी दिनेश उम्र 27 वर्ष से प्रेम करती थी । बताया जा रहा है कि 18 फरवरी को दिन मे 2 बजे दिनेश को फोन कर चार पारा में मेला दिखाने ले जाने को युवती ने बुलाया , जिसे टाल कर अगले दिन आने को कहा। दूसरे दिन 19 फरवरी को शाम युवती ग्राम चन्देस्वर पुर पहुच कर दिनेश से विवाद करने लगी. जिस पर दिनेश ने युवती के भाई को बताया एवं उसे घर लौट जाने को कहा, परंतु युवती, वही आम के पे पर फांसी लगाने की कोसिस की जिसे ले के ने किसी तरह रोक दिया । रात 10 बजे लगभग युवती अपने आप को दिनेश से छु ा कर भाग गई। सुबह युवती का शव दिनेश के घर से 100 मीटर दूर कटहल के पे पर फांसी पर झूलते पाया गया । जिस पर पुलिस थाना धौरपुर में सूचना दिया । पुलिस मौके पर जा कर पंचनामा कर पी एम के लिए भेज दिया है।पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर आगे की कार्यवाही करेगी।

### निधन



गणेश बारी

उदयपुर (सरगुजा)। ग्राम नवापारा लखनपुर निवासी 68 वर्षीय प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी गणेश बारी का निधन 20 फरवरी को लंबी बीमारी के बाद हो गया है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन से परिजनों एवं गांव में शोक का माहौल है। पत्रकार क्रांति रावत के पिताजी थे।

# समर्सिबल पम्प चोरी करने एवं खरीदने वाले 5 आरोपी पकड़ाए, थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही




-संवाददाता-
सूरजपुर,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के कड़े निर्देश के बाद से ही जिले की पुलिस क्षेत्र में लगातार कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी बीच दिनांक 19.02.24 को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम गोपालपुर में कुछ लोग चोरी का समर्सिबल पम्प बिक्री करने हेतु लेकर जाने वाले है। सूचना पर फौरन कार्यवाही करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर अनिल यादव पिता जगसाय यादव उम्र 34 वर्ष व रूप राजवाड़े पिता सीताराम राजवाड़े उम्र 32 वर्ष व सैनाथ सिंह पिता हरिनाथ सिंह उम्र 35 वर्ष तीनों निवासी ग्राम गोपालपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि गोपालपुर स्थित फार्म हाउस, स्वास्थ्य केन्द्र परिसर व फ्लाईऐश ईट भट्ठा से माह अक्टूबर-नवम्बर 2023 के दरम्यान 3 नग समर्सिबल पम्प मिलकर चोरी करना जिसमें से 1 पम्प को बिक्री कर देना जिसके आधार पर समर्सिबल पम्प क्रेता नर्मदा विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष व बचन राम बरगाह उम्र 65 वर्ष दोनों निवासी कमलपुर के कब्जे से 1 नग समर्सिबल पम्प बरामद किया गया। मामले में धारा 41(1-4)/379, 411 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 3 नग समर्सिबल पम्प कीमत 1 लाख रूपये का जप्त कर पांचों आरोपियों को पकड़ा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई वरूण तिवारी, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक राजेन्दर एक्का, महेन्द्र सिंह, बृजकिशोर ध्रुवा, आरक्षक विकास मिश्रा, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, विवेक विश्वकर्मा, भुनेश्वर सिंह, सोनू सिंह व नीरज झा सक्रिय रहे।

# 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के चोरी का 22 टन कोयला व ट्रक जप्त सहित 2 गिरफ्तार

## दूसरे मामले में चोरी का 11 बंडल जीआई तार सहित 2 गिरफ्तार,थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे (भा.पु.से.) ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 19.02.24 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मांजा में ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5387 में अवैध रूप से कोयला लोड़ वाहन मांजा में कहीं कोयला खपाने को खड़ा है।





सूचना पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मांजा में ट्रक को घेराबंदी कर रोकवाया, ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ पाया, चालक संदीप प्रताप सिंह पिता स्व. जानकी सिंह उम्र 24 वर्ष ग्राम बड़सरा थाना झिलमिली और हेल्फर किशन कुमार पिता राम कुमार उम्र 26 वर्ष ग्राम गिधौरी खपरडीह, थाना गिधौरी, जिला बलौदाबाजार, हालमुकाम पण्डोपारा सोरगा थाना पटना से ट्रक में लोड कोयला के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज नहीं किए जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 22 टन कोयला कीमत 1 लाख 50 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार गया। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 19.02.24 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक सफेद रंग के बिना नंबर महिन्द्र पिकअप वाहन में चोरी का जीआई फिनिशिंग तार को चोरी कर मदनेश्वरपुर तरफ ले जा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम भुवनेश्वरपुर में पिकअप वाहन को घेराबंदी कर रोकवाया गया और कमलेश सिंह राजपूत पिता स्व. शिवकुमार सिंह उम्र 28 वर्ष व सतवन सिंह पिता भुनसाय उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी तिवरागुड़ी, थाना रामानुजनगर से जीआई तार के खरीद बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जो चोरी का होने के अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 11 बंडल जीआई तार कीमत करीब 75 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त कर दोनों को गिरफ्तार गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, निरीक्षक प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, माधव सिंह, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी व आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0**

:: संक्षिप्त निविदा प्रारूप::

क्र./आ.वि/निर्माण/2024/6248 /अम्बिकापुर, दिनांक-12/02/2024

छत्तीसगढ़ कार्य विभाग नियमावली 1983 आदिवासी विकास विभाग अन्तर्गत पीव्हीटीजी हितग्राहियों के लिये 23 नग आवास निमाण कार्य (विद्युतीकरण एवं सेनेटरी कार्य सहित) प्रति इकाई लागत राशि रूपये 2.50 लाख के मान से मुहरबंद निविदाएं लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी (द श्रेणी या उससे ऊपर) के पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. के आधार पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) में स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

1.निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि 11.03.2024 अपरान्ह 05.30 बजे
2.कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12.03.2024 अपरान्ह 05.30 बजे
3.निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13.03.2024 अपरान्ह 05.30 बजे
4.निविदा खोलने की तिथि 14.03.2024 अपरान्ह 12.00 बजे

| स्थान | धरोहर राशि |
|---|---|
| वि0ख0 1. ग्राम किरकिमा 4 इकाई | रू 7,500 |
| 2. ग्राम रीरी 4 इकाई | रू 7,500 |
| 3. ग्राम नागम 5 इकाई | रू 9,400 |
| 4. ग्राम कर्रा 4 इकाई | रू 7,500 |
| वि0ख0 अम्बिकापुर 5. ग्राम मोहनपुर 6 इकाई | रू 11,250 |

उपरोक्त प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये-750=00

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जावे एवं उसके साथ निम्ननानुसार दस्तावेज अनिवायतः प्रस्तुत की जावे।
1. लोक निर्माण विभाग छ0ग0 में उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन छायाप्रति
2. निर्धारित राशि का चालान (नगद राशि स्वीकार्य नहीं की जावेगी)

यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है, निविदा की अन्य शर्ते एवं कार्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकेगी।

जी नंबर-07913/2 सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर

**न्यायालय, तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुंद मंडल स्व0 श्री रमेश मंडल निवासी ग्राम सकालो थाना गाँधीनगर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (माता) स्व0 राजलक्ष्मी आ0 की दिनांक 26/11/2016 को स्थान ग्राम सकालो में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवश तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार अम्बिकापुर, सरगुजा छ0ग0


# श्याम बाबा खाटू के दर्शन करने पैदल निकला श्याम प्रेमी रोहित

## 1600 किमी पैदल यात्रा कर करेगा श्याम बाबा के दर्शन,श्याम प्रेमियों ने दी बधाई





-संवाददाता-
सूरजपुर,20 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
बाबा श्री श्याम की अलख जगाने और श्याम नाम के गुणगान के ध्येय को लेकर नगर का उत्साही श्याम प्रेमी युवा रोहित पासवान सूरजपुर श्री श्याम मंदिर से 1600 किमी की निशान पद यात्रा लेकर श्याम मंदिर खाटु धाम राजस्थान व चुलकाना धाम हरियाणा के लिए निकला है। मंगलवार को यहां श्री श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों की उपस्थिति में प्रातः ग्यारह बजे बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना, निशान पूजा और आरती के बाद श्याम ध्वजा लेकर निकले रोहित को ढोल, नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ निशान यात्रा के लिए रवाना किया गया। बाबा श्री श्याम के गगनभेदी जयकारे के बीच श्याम प्रेमी नगर से लगे ग्राम कृष्णपुर तक पद यात्री रोहित को छोड़ने पहुंचे। इस बीच नगर में जगह-जगह श्याम भक्तों ने खाटु धाम निशान यात्रा के लिए निकले रोहित का फूल-मालाओं व इत्र वर्षा से स्वागत किया और डुबकी मंगलमय यात्रा के लिए कामना की। श्याम भक्त रोहित राजस्थान के खाटू धाम से हरियाणा स्थित चुलकाना धाम भी पद यात्रा कर निशान लेकर जाएंगे। करीब 16 सौ किमी की उनकी यह यात्रा 71 दिन में पूरी होगी। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष श्याम प्रेमी रोहित सूरजपुर से खाटूधाम तक सायकल यात्रा कर चुके है। उन्होंने यह सायकल यात्रा मात्र 21 दिन में पूरी कर खाटू धाम पहुंचे थे। इस दौरान अजय अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल, गीता गोयल, श्रीमती कमला देवी, संतोष गोयल, चंचलेश श्रीवास्तव, दीपक अग्रवाल, पवन अग्रवाल पिंकू, डी पवन कुमार, विपिन बंसल, संस्कार अग्रवाल, उत्पल चटर्जी, प्रियांशु गोयल, यश अग्रवाल, स्पर्श श्रीवास्तव कान्हा, श्याम सुंदर, रवि अग्रवाल, यश जिंदल, राज सोनी, मोहन केजरीवाल, राजेश डालमियां, मुकेश गोयल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद थे।

### बाबा की अलख जगाने निकले निशान पद यात्रा

रोहित पासवान ने बताया कि बाबा श्याम की अलख जगाने स्वप्रेरणा उन्हें मिली। जिसके बाद उन्होंने बाबा का गुणगान करने के लिए पिछले वर्ष खाटू धाम तक सायकल यात्रा की थी। जिसके बाद इस वर्ष उन्हें पद यात्रा करने की इच्छा जागृत हुई और वे निशान पद यात्रा के माध्यम से बाबा श्री श्याम के दर्शन को निकल पड़े है। उन्होंने बताया कि लगभग 16 सौ किमी की उनकी यह पदयात्रा करीब 71 दिन में पूरी होगी।

### 6 राज्यों से होकर गुजरेगा रोहित

बाबा श्री श्याम के दरबार में निशान पद यात्रा के माध्यम से पहुंचने का कठिन बीड़ा उठाने वाले रोहित पासवान ने बताया कि वह छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान प्रान्त में प्रवेश कर बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में हाजरी लगाएंगे। ततपश्चात दिल्ली होते हुए हरियाणा प्रान्त में स्थित चुकलाना धाम भी पहुचेंगे।


**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार राजवाड़े आ0 शोभन राम राजवाड़े जाति रजवार निवासी नवाबांध तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सोहगा तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 259/6 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 02/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिन्दु जायसवाल पिता लुईस टोप्पो जाति उरांव निवासी कुण्डला सिटी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम कुम्हरता तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 1/52, 1/53, 1/55, 1/98, 1/170 रकबा 0.372, 0.490 0.081, 0.375, 0.159 हे0 कुल रकबा 1.477 हे0 में से 0.405 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वितेन्द्र कुमार मिश्रा आ0 जीवननाथ मिश्रा, अमित जायसवाल आ0 ज्ञान प्रकाश जायसवाल निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरखंद तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 317 रकबा 0.180 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर


CMYK

# रणजी ट्रॉफी 2023-24 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले 23 फरवरी से होंगे शुरू

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024।** इस समय खेली जा रही रणजी ट्रॉफी के ग्रूप स्टेज के मुकाबले बीते 19 फरवरी को समाप्त हो चुके हैं।सातवें दौर के परिणाम के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों की तस्वीरें साफ हुई हैं।दिलचस्प रूप से तमिलनाडु क्रिकेट टीम ने अपने आखिरी ग्रूप के मुकाबले में पंजाब क्रिकेट टीम को हराते हुए 2016-17 सीजन के बाद क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।आइए अगले दौर में पहुंची टीमों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे।पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला विदर्भ क्रिकेट टीम और कर्नाटक क्रिकेट टीम के बीच नागपुर में खेला जाएगा, जबकि दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला मुंबई क्रिकेट टीम और बड़ौदा क्रिकेट के बीच मुंबई में खेला जाएगा।तीसरे क्वार्टर फाइनल की मेजबानी कोयंबटूर करेगा, जो तमिलनाडु और सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के बीच होना है।चौथा क्वार्टर फाइनल मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और आंध्र प्रदेश के बीच इंदौर में आयोजित होगा। एलीट ग्रूप-ए से विदर्भ और सौराष्ट्र ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई है।विदर्भ ने अपने 7 में से 5 मैच जीते और 1 मैच उनका ड्रॉ रहा। इस बीच विदर्भ को सिर्फ सौराष्ट्र के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। सातवें दौर के बाद विदर्भ के 33 अंक रहे। इसी ग्रूप से 4 मैचों में जीत दर्ज करने वाले सौराष्ट्र के 28 अंक रहे। सौराष्ट्र को हरियाणा के विरुद्ध अपनी इकलौती हार मिली, जबकि 2 मैच उनके ड्रॉ रहे।




ग्रूप- बी से मुंबई ने 37 अंको के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।मुंबई ने अपने 5 मैच जीते और सिर्फ उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपनी इकलौती हार झेली, जबकि छत्तीसगढ़ के विरुद्ध ड्रॉ खेला।इस ग्रूप से आंध्र प्रदेश ने 3 मैच जीतते हुए 26 अंक प्राप्त किए। आंध्र प्रदेश को मुंबई के विरुद्ध इकलौती हार मिली, जबकि 3 मैच उनके ड्रॉ पर समाप्त हुए।

तमिलनाडु ने ग्रूप स्टेज की समाप्ति के बाद 28 अंक हासिल किए। उन्होंने अपने 4 मैचों में जीत दर्ज की और सिर्फ गुजरात के विरुद्ध हार झेली। इनके अलावा 2 मैच उनके ड्रॉ भी रहे।कर्नाटक ने अपने 3 मैच जीते और इतने ही ड्रॉ खेले। कर्नाटक ने अपनी इकलौती हार गुजरात के विरुद्ध झेली। ग्रूप स्टेज के बाद कर्नाटक के 27 अंक रहे। इस ग्रुप से गुजरात 25 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

ग्रूप- डी से मध्य प्रदेश ने अपने 7 में से 4 मैच जीते और 32 अंको के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रूप स्टेज में 3 ड्रॉ खेलने वाली मध्य प्रदेश को कोई भी टीम नहीं हरा सकी।बड़ौदा ने 3 मैच जीते और इतने ही ड्रॉ खेले। इसके अलावा उन्हें सिर्फ मध्य प्रदेश के विरुद्ध अपनी इकलौती हार मिली।बड़ौदा ने 26 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई।

आंध्र प्रदेश के रिकी भुई फिलहाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 86.1 की औसत के साथ 861 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं।केरल के सचिन बेबी ने 58.45 की औसत के साथ 830 रन (शतक- 4) बनाते हुए अपना अभियान समाप्त किया।सौराष्ट्र के दिग्गज चेतेश्वर पुजारा ने 78.1 की औसत के साथ 781 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक शामिल है।तमिलनाडु के नारायण जगदीशन ने 96.87 की औसत से 775 रन बनाए।

पुडुचेरी के गौरव यादव और महाराष्ट्र के हितेश वालुंज फिलहाल सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं।गौरव ने 14.58 की औसत से 41 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 पारियों में वह 5 विकेट हॉल ले चुके हैं, जबकि वालुंज ने 20.24 की औसत से 41 ही विकेट चटकाये हैं।सौराष्ट्र के धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 18.2 की औसत से 39 विकेट ले लिए हैं।उत्तराखंड के दीपक धपोला और तमिलनाडु के साई किशोर ने 38-38 विकेट लिए हैं।

## एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन आज से दिल्ली में

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं सहित लगभग 500 खिलाड़ी 21 से 26 फरवरी तक यहां आयोजित होने वाली एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे। इसमें भारत के 42 साइकिलिस्ट खिताब के लिए जोर लगायेंगे। यह कुल मिलाकर छठी बार है जब भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इससे पहले देश ने 1989, 2005, 2013, 2017 और 2022 एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप की मेजबानी की है।



प्रतियोगिता में पाकिस्तान की टीम भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को उनके देश में यात्रा दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एशियाई साइकिलिंग परिसंघ के महासचिव ओंकार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पाकिस्तान के खिलाड़ियों को हमारे विदेश मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने हमें सूचित किया है कि वे नहीं आ रहे हैं क्योंकि चुनाव के बाद उनके यहां मंत्रालय का गठन नहीं हुआ है।'' इस प्रतियोगिता से राइडर्स द्वारा एकत्र किए गए अंकों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा। भारत का कोई भी खिलाड़ी हालांकि पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के करीब नहीं है। भारतीय साइकिल महासंघ (सीएफआई) महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा, ''हाल के दिनों में हमारे साइकिल खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''हम सही दिशा में जा रहे हैं और हमारा लक्ष्य हमारे साइकिल चालकों को 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कराना है।''

चैंपियनशिप का आयोजन यहां इंदिरा गांधी इंडोर परिसर के अत्याधुनिक साइकिलिंग वेलोड्रोम में किया जाएगा। इसमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, कजाकिस्तान और ईरान सहित 18 देशों के खिलाड़ी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें पुरुष और महिलाएं, जूनियर पुरुष और महिलाएं और पैरा स्पर्धाएं शामिल हैं। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक रोनाल्डो सिंह की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ना चाहेंगे। रोनाल्डो के साथ डेविड बेकहम, रोजित सिंह और एसो अल्बेन पोडियम पर जगह हासिल करना चाहेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मनोज तिवारी पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

#### रणजी ट्रॉफी की आलोचना की थी

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024।** क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने खुलासा किया। इस दौरान उन्होंने कहा था कि, रणजी ट्रॉफी की आलोचना करने के चलते उन पर बीसीसीआई ने जुर्माना ठोका था। तिवारी ने बिहार के खिलाफ अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मुकाबला खेला। बीसीसीआई ने उन्हें रणजी ट्रॉफी की आलोचना करने के लिए 20 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया था। तिवारी ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि रणजी ट्रॉफी में काफी कुछ गलत हो रहा है, अगले सीजन से इसको कैलेंडर से हटा देना चाहिए। जिसके बाद उनके खिलाफ एक्शन लिया गया है।अपने इंस्टाग्राम पर मनोज ने रणजी ट्रॉफी की फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि, अगले सीजन से रणजी ट्रॉफी को कैलेंडर से हटा देना चाहिए। टूर्नामेंट में कई चीजें गलत हो रही हैं। समृद्ध इतिहास वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को बचाने के लिए कई चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। ये अपना आकर्षण और महत्व खोता जा रहा है।




### चौथे टेस्ट में भारत के खिलाफ गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024।** भारत के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में जल्द वापसी पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। वहीं इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करें। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है। मैकुलम के हवाले से 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने कहा, ''यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पैल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा।

## विमेंस प्रीमियर लीग के ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे सिद्धार्थ-कार्तिक

### 23 फरवरी को शुरू होगा लीग, सीजन-1 की फाइनलिस्ट एमआई-डीसी के बीच पहला मुकाबला

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2024।** बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कार्तिक आर्यन विमेंस प्रीमियर लीग 2024 के ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। डब्ल्यूपीएल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। सेरेमनी 23 फरवरी को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले शाम 6:30 बजे होगी।डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन के सभी 22 मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे। दोनों ही शहरों में 11-11 मैच खेले जाएंगे।

### पहले सीजन में कियारा,कृति और एपी ढिल्लों परफॉर्म किए थे

पहले सीजन यानी 2023 डब्ल्यूपीएल में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी, कृति सेनन और हिप-हॉप सिंगर एपी ढिल्लों परफॉर्म किए थे।



### शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे सभी मुकाबले

डब्ल्यूपीएलके सीजन-2 में 23 फरवरी से 4 मार्च तक शुरुआती 11 मुकाबले बेंगलुरु में होंगे। इसके बाद 5 से 17 मार्च तक बाकी 11 मुकाबले दिल्ली में खेले जाएंगे। एक दिन में एक ही मैच होगा और सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच दिल्ली में आखिरी लीग मैच होगा। 14 और 16 मार्च को एक-एक दिन का ब्रेक रहेगा। जबकि 15 मार्च को एलिमिनेटर और 17 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

### टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में भी 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 लीग मैच खेलेंगी। लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच दिल्ली में एलिमिनेटर खेला जाएगा। इसे जीतने वाली टीम 17 मार्च को पहले नंबर पर रहने वाली टीम के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

### मुंबई ने दिल्ली को हराकर जीता था सीजन-1 का खिताब

विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन 2023 में 4 से 26 मार्च के बीच खेला गया। मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। मुंबई की कप्तानी हरमनप्रीत कौर और दिल्ली की मेग लेनिंग ने की थी। पहले सीजन में 5 टीमों ने हिस्सा लिया था, दूसरे सीजन में भी 5 ही टीमें हिस्सा लेंगी।

## एफआईएच प्रो लीग में पेनल्टी शूटआउट में भारत ने स्पेन को हराया



**भुवनेश्वर,20 फरवरी 2024।**अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने निर्णायक बचाव किया जिससे भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में पेनल्टी शूटआउट के जरिए स्पेन को हरा दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं। भारत के लिए जरमनप्रीत सिंह (पहला मिनट) और अभिषेक (35वें मिनट) ने गोल दागे जबकि स्पेन के लिए सामान्य समय में जोस बास्टेरा (तीसरे) और बोर्जा लैकले (15वें) ने गोल किए। पेनल्टी शूटआउट भी एक रोमांचक मुकाबला बन गया क्योंकि दोनों टीमें 7-7 से बराबरी पर थीं लेकिन ललित कुमार उपाध्याय ने भारत को आगे कर दिया। इसके बाद भारतीय कस्टोडियन श्रीजेश ने एक निर्णायक बचाव करते हुए स्पेन के कप्तान मार्क मिरालेस को गोल करने से रोका और मेजबान टीम को जीत दिलाई। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को नीदरलैंड से होगा।

## भारत बनाम इंग्लैंड मैच के रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की जगह किसे मिलेगा मौका ?

**रांची,20 फरवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।यह मुकाबला 23 फरवरी से शुरू होने वाला है और सीरीज में रोहित शर्मा की टीम 2-1 से बढ़त ले चुकी है। बुमराह इस सीरीज में कमाल के फॉर्म में चल रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह को भरना किसी भी गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होगी।बुमराह के लिए यह सीरीज कमाल की रही है। वह 13.64 की औसत के साथ 17 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। वह मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।अब तक उन्होंने सीरीज में 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। इसी कारण टीम प्रबंधन उन्हें आराम देना चाहता है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मोहम्मद सिराज के साथ दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में अंतिम एकादश में किसे जगह मिलती है।तेज गेंदबाज मुकेश कुमार इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने केवल 1 विकेट स्पिन गेंदबाज शोएब बशीर का लिया था।वह सीरीज का तीसरा मुकाबला नहीं खेले और बिहार के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में बंगाल की टीम का हिस्सा बने। मुकेश ने उस मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट (4/18 और 6/32) लिए। ऐसे में



बुमराह की जगह इस खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।इस सीरीज के आखिरी 3 टेस्ट मैचों के लिए अनकैप्ड तेज गेंदबाज आकाश दीप ने आवेश खान की जगह ली।बंगाल के तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई अनौपचारिक टेस्ट सीरीज में इंडिया-ए के लिए शानदार प्रदर्शन किया था।उन्होंने अहमदाबाद में दूसरे मैच में 4/46 और 2/57 के आंकड़े दर्ज किए थे। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे मैच में 4/56 और 1/47 के आंकड़ों के साथ सीरीज खत्म की थी।आवेश ने भारतीय टीम के लिए टी-20 क्रिकेट में 19 और वनडे क्रिकेट में 9 विकेट लिए हैं। वह अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेल पाए हैं।पहले 2 मैच में वह टीम का हिस्सा भी थे।वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी में सिर्फ 4 विकेट लेने में ही सफल हो पाए हैं। हालांकि, पिछले सीजन वह मध्य प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे (20.13 की औसत से 38 विकेट)।

36 वर्षीय उमेश यादव ने आखिरी बार भारतीय टीम के लिए साल 2023 का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था।हालांकि, रांची के महत्वपूर्ण मैच के लिए उन्हें वापस बुलाया जा सकता है।उन्होंने मौजूदा रणजी सीजन में विदर्भ के लिए 24.18 की औसत से 22 विकेट लिए हैं। इसके अलावा वह घरेलू सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में 25.88 की औसत से 101 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं।

## डॉन 3 में रणवीर के साथ दिखेंगी कियारा आडवाणी



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी, जिन्हें आखिरी बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था, एक्शन-थ्रिलर फिल्म डॉन 3 में काम करेंगी। फिल्म में रणवर सिंह भी हैं, जो बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की जगह मुख्य भूमिका में होंगे। पाँच साल के अंतर पर रिलीज हुई फिल्म के पहले दो संस्करणों में शाहरुख ने मुख्य किरदार निभाया था। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म में अभिनेत्री का स्वागत करते हुए एक वीडियो साझा किया। लगभग दो दशकों की फ्रेंचाइजी की विरासत को देखते हुए डॉन 3 सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इससे पहले, रणवीर को मुख्य भूमिका में लेने से काफी चर्चा हुई थी। कथित तौर पर डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू होने वाली है। यह फिल्म फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

## करण जौहर ने सोशल मीडिया पर योद्धा का टीजर जारी किया

धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने यूट्यूब चैनल पर टीजर साझा किया और लिखा प्रभाव के लिए ब्रेस क्योंकि यह स्क्रीन पर किसी अन्य के विपरीत अशांति पैदा करेगा। एक्शन और रोमांच से भरपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है और यह 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सोमवार को अपनी आगामी फिल्म योद्धा का टीज़र जारी किया। उन्होंने वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया कि आकाश की सीमा है और वह उन सभी को पार करने जा रहा है। धमाके के साथ सीधे आपकी स्क्रीन पर उतरना! योद्धा 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर एक मिनट लंबा है और इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा को एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रियों को बचाने के लिए हवा में आतंकवादियों और अपहर्ताओं से लड़ते हुए दिखाया गया है। एक्शन से भरपूर टीजर में सिद्धार्थ मल्होत्रा को संसद भवन के अंदर आतंकवादियों को पीटते हुए दिखाया गया है। कई एक्शन दृश्यों में गोलीबारी दिखाई गई। सिद्धार्थ मल्होत्रा को अपहर्ताओं और आतंकवा दियों से लड़ने का जिम्मा लेते हुए वर्दी पहने देखा जा सकता है। दिशा पटानी राशि खन्ना के साथ एयर होस्टेस की भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने यूट्यूब चैनल पर टीजर साझा किया और लिखा प्रभाव के लिए ब्रेस क्योंकि यह स्क्रीन पर किसी अन्य के विपरीत अशांति पैदा करेगा। एक्शन और रोमांच से भरपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है और यह 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पहले योद्धा के निर्माताओं ने फिल्म को 11 नवंबर, 2022 को रिलीज करने की योजना बनाई थी, लेकिन इसकी रिलीज डेट जुलाई 2023 तक के लिए टाल दी गई, जिसे आगे बढ़ाकर 15 सितंबर और फिर 15 दिसंबर कर दिया गया। इसे फिर से बदलकर 8 दिसंबर कर दिया गया। अंतिम रिलीज़ की तारीख 15 मार्च, 2024 निर्धारित की गई है। मीडिया से बात करते हुए, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि एक कलाकार के रूप में उनका मानना है कि वह ऐसी स्क्रिप्ट पर काम करना चाहते हैं जो उनमें सर्वश्रेष्ठ लाए। उन्होंने कहा कि योद्धा ने वास्तव में अपना एक नया संस्करण पेश किया है जिसके लिए वह फिल्म के निर्माताओं के आभारी हैं।



## ईशा देओल तलाक के बाद खुश नजर आईं

एक्ट्रेस ईशा देओल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। भरत तख्तानी से शादी के 11 साल बाद एक्ट्रेस ने तलाक लेने का फैसला किया और अब दोनों हमेशा के लिए अलग हो गए हैं। तलाक के बाद ईशा देओल कुछ समय तक मीडिया से दूर रहीं। लेकिन अब इस अनाउंसमेंट के बाद उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। पूरे समय उनके चेहरे पर मुस्कान रहती थीऔर जब आप उनकी ओर देखते थे तो वह खुश नजर आते थे। ईशा देओल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया हा। ईशा के वायरल वीडियो में वह अपनी कार से उतरती हैं और फिर पैपराजी के सामने जबरदस्त पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरें जारी होने के बाद ईशा ने मीडिया से भी बात की. इस दौरान पैपराजी ने एक्ट्रेस से पूछा, आप कैसी हैं? उसने उत्तर दिया मैं ठीक हूँ, आप कैसे हैं? इसके बाद एक्ट्रेस उड़ान भरती हैं। आपको बता दें कि ईशा देओल ने 2012 में भरत तख्तानी से शादी की थी। ये दोनों लंबे समय तक साथ रहे थे। उनके परिवार वाले भी इस रिश्ते से खुश थे। उनके बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन शादी के 11 साल बाद इस जोड़े ने अपने तलाक की घोषणा करके प्रशंसकों के बीच एक बड़ा झटका लगा दिया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भरत के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के कारण ईशा ने ब्रेकअप करने का फैसला किया। हालांकि, अपने कुछ पुराने इंटरव्यू में भरत तख्तानी ने कहा था कि ईशा का रवैया उनके प्रति काफी सकारात्मक था। इस वजह से उनके बीच दूरियां बढ़ गईं। अब इस जोड़े का तलाक हो चुका है और ईशा अपनी मां हेमा मालिनी के घर में रहने लगी हैं। उनके पिता धर्मेंद्र ने एक बार फिर इस जोड़े को अपने रिश्ते को दूसरा मौका देने की सलाह दी।



CMYK



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# मोदी की गारंटी
# विष्णु का सुशासन

छत्तीसगढ़ शासन

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

## त्वरित निर्णय के 2 माह

### अन्नदाताओं के लिए
- 13 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने का निर्णय
- किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय
- 'कृषक उन्नति योजना' के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान

### ग्रामीणों के लिए
- 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान

### गरीबों के लिए
- 69.92 लाख गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक निःशुल्क राशन प्रदाय का निर्णय
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण के लिए 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना' में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10,000 रुपये वार्षिक सहायता का निर्णय

### महिलाओं के लिए
- 'महतारी वंदन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की दर से वार्षिक 12,000 रुपए आर्थिक सहायता का निर्णय

### युवाओं के लिए
- पीएससी परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय
- युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय
- पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट का निर्णय

### सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए
- अयोध्या यात्रा के लिए निःशुल्क 'रामलला दर्शन योजना' लागू करने का निर्णय

### आदिवासियों के लिए
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा भुगतान का निर्णय

### छत्तीसगढ़ के त्वरित विकास के लिए
- कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान

### सामान्य परिवारों के लिए
- प्रति माह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय का निर्णय

### भ्रष्टाचार निवारण के लिए
- शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' की स्थापना का निर्णय
- कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट व्यवस्था लागू करने का निर्णय

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए
- छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) का निर्णय

## सरल, निर्भीक
## निर्णायक नेतृत्व



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद 39721/75

## सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)